संयम ◆संस्कार ◆संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

# शहर समता

वर्ष-22 अंक- 90
पृष्ठ 8
बुधवार
17 दिसम्बर 2025
प्रातः संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य-1.00

प्रयागराज से प्रकाशित | Email : shaharsamta@gmail.com | Website : https://Shaharsamta.com | सम्पादक-उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- ठंड में पीठ दर्द या बेचैनी नहीं है....
विचार- केरल में कांग्रेस की जीत का ...
खेल- विदेशी खिलाड़ियों से जुड़ा यह ...

# पुराने संबंधों को जीवित करना होगा

**भारत-जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार, पीएम मोदी बोले-**




- **हमारा लक्ष्य भरोसे की साझेदारी पर आधारित**
- **भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदलने पर चर्चा**

अम्मान। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जॉर्डन दौरे के आखिरी दिन अम्मान में आयोजित इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत और जॉर्डन के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के व्यवसायिक नेताओं से बातचीत की और आर्थिक सहयोग को मजबूत करने के नए अवसर तलाशने पर जोर दिया और दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग को लेकर अहम बातें भी कहीं। फोरम में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत, जॉर्डन का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और दोनों देशों के रिश्ते सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें लंबे समय के मजबूत साझे में बदला जाना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि व्यापार की दुनिया में आंकड़ों की अपनी अहमियत होती है, लेकिन भारत और जॉर्डन का लक्ष्य केवल व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि भरोसे और साझेदारी पर आधारित भविष्य बनाना है। उन्होंने इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय था जब गुजरात से यूरोप तक व्यापार पेट्रा के रास्ते होता था। अब समय आ गया है कि उन पुराने व्यापारिक रास्तों और रिश्तों को फिर से जीवित किया जाए, ताकि आने वाले समय में दोनों देशों को समृद्धि मिल सके। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे बताया कि जॉर्डन के राजा से हुई अपनी मुलाकात में उन्होंने इस बात पर विस्तार से चर्चा की कि कैसे भौगोलिक स्थिति को अवसर में बदला जाए और उन अवसरों से आर्थिक विकास किया जाए। उन्होंने जॉर्डन के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा कि जॉर्डन आज एक ऐसा सेतु (ब्रिज) बनकर उभरा है, जो अलग-अलग क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने में मदद कर रहा है। जॉर्डन बिजनेस फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत की आर्थिक स्थिति पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक विकास दर आठ प्रतिशत से ज्यादा है, जो बेहतर उत्पादकता, मजबूत शासन व्यवस्था और नवाचार पर आधारित नीतियों का नतीजा है। इसके कारण भारत में निवेश और व्यापार के लिए नए अवसर खुल रहे हैं, जिसका फायदा जॉर्डन के निवेशक और कारोबारी भी उठा सकते हैं। इसके साथ ही पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया को एक नए ग्रोथ इंजन और भरोसेमंद सप्लाई चेन की जरूरत है। ऐसे समय में भारत और जॉर्डन मिलकर इस वैश्विक जरूरत को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने भरोसा जताया कि भारतदृजॉर्डन की साझेदारी आने वाले वर्षों में और मजबूत होगी और इससे दोनों देशों के लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

# विजय दिवस पर राष्ट्रपति भवन में भारत के वीरों को सम्मान, परमवीर दीर्घा का हुआ लोकार्पण



नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में परम वीर दीर्घा का उद्घाटन किया। इस गैलरी में परम वीर चक्र से सम्मानित सभी 21 विजेताओं के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस गैलरी का उद्देश्य आगंतुकों को हमारे उन राष्ट्रीय नायकों के बारे में शिक्षित करना है जिन्होंने हमारे देश की रक्षा में अदम्य संकल्प और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। यह उन वीर योद्धाओं की स्मृति को सम्मानित करने की भी एक पहल है जिन्होंने मातृभूमि की सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी। जिन गलियारों में अब परम वीर दीर्घा स्थापित की गई है, वहां पहले ब्रिटिश सहायक अधिकारियों के चित्र प्रदर्शित किए जाते थे। भारतीय राष्ट्रीय नायकों के चित्रों को प्रदर्शित करने की यह पहल औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागने और भारत की समृद्ध संस्कृति, विरासत और शाश्वत परंपराओं को गर्व से अपनाने की दिशा में एक सार्थक कदम है। परम वीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है, जो युद्ध के दौरान असाधारण वीरता, साहस और आत्मबलिदान के लिए प्रदान किया जाता है। विजय दिवस प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को मनाया जाता है, जो 1971 के युद्ध में भारत की निर्णायक विजय की याद दिलाता है, जिसके फलस्वरूप बांग्लादेश को स्वतंत्रता मिली। भारतीय सेना ने विजय दिवस के अवसर पर 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और शौर्य को याद किया और सूचना के अतिरिक्त महानिदेशालय द्वारा जारी एक सोशल मीडिया पोस्ट में बांग्लादेश की मुक्ति की ऐतिहासिक गाथा साझा की। ग पर एक पोस्ट में भारतीय सेना ने लिखा कि विजय दिवस केवल एक तारीख नहीं है, यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक विजय का प्रतीक है।

उन्होंने इस युद्ध को भारत के सैन्य इतिहास को नया रूप देने वाली विजय बताया और मुक्ति वाहिनी और भारतीय सेना के बीच हुए शक्तिशाली संघर्ष को याद किया, जिसने बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष को स्वतंत्रता की दिशा में आवश्यक गति प्रदान की। पोस्ट में लिखा था कि यह एक ऐसी जीत थी जिसमें मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बलों ने कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी, और साथ मिलकर बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष को स्वतंत्रता की ओर निर्णायक गति प्रदान की... एक ऐसी विजय जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया रूप दिया, दक्षिण एशिया का नक्शा बदल दिया और बांग्लादेश नामक एक नए राष्ट्र को जन्म दिया।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कश्मीर में बारह जगहों पर आतंकी मामले में छापे मारे

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस कश्मीर (सीआईके) ने मंगलवार को एक आतंकी मामले के सिलसिले में कश्मीर घाटी में 12 जगहों पर छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि सीआईके पुलिस स्टेशन में 2023 में आईपीसी की धारा 153-ए और 505 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 13 और 18 के तहत दर्ज मामले में तलाशी वारंट मिलने के बाद सात जिलों में 12 जगहों पर तलाशी ली गई। यह मामला आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों और आतंकवाद के ऑनलाइन समर्थन से संबंधित है, जिसका मकसद कथित तौर पर चरमपंथी गतिविधियों के लिए लोगों की भर्ती करना था।

## मुख्तार अब्बास नकवी का कांग्रेस पर तंज, वे भगवान राम के नाम को बर्दाश्त नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने एमजीएनआरईजीए को वीबी-जी राम जी योजना से प्रतिस्थापित किए जाने पर कांग्रेस की असहमति पर अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल को भगवान राम के नाम से आपत्ति है, और यही इस आपत्ति का कारण है। एएनआई से बात करते हुए नकवी ने कहा कि कांग्रेस नए नाम वीबी-जी राम जी का विरोध इसलिए कर रही है क्योंकि वह इसमें भगवान राम का नाम शामिल किए जाने को स्वीकार नहीं कर सकती। नकवी ने कहा कि कांग्रेस दल की समस्या यह है कि विधेयक में भगवान राम का नाम क्यों शामिल किया गया...वे भगवान राम के नाम को शामिल किए



जाने को बर्दाश्त नहीं कर सकते, इसीलिए वे इतना हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि वंचित वर्गों और अन्य समस्याओं के विकास का मार्ग राम-जी नाम वाली योजना के माध्यम से ही है, तो कांग्रेस की समस्या एमजीएनआरईजीए नहीं, बल्कि केवल राम-जी का शामिल होना है। उन्होंने एएनआई को बताया कि इस मामले में भगवान राम के प्रति उनकी असहिष्णुता एक बार फिर उजागर हो रही है। इसके अलावा, उनका कहना है कि विपक्ष सरकारी योजनाओं पर केवल पार्टी से जुड़े नाम चाहता है, इसीलिए वे यह हंगामा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके मन में यह बात बैठी हुई है कि पुरानी योजनाओं का नाम केवल नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी या उनके परिवार के किसी सदस्य के नाम पर होना चाहिए।

## दिल्ली-एनसीआर में आज भी प्रदूषण का कहर, संसद में पेश किया स्थगन प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी। मंगलवार को कई कांग्रेस नेताओं ने संसद में स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिल्ली-एनसीआर में व्याप्त गंभीर वायु प्रदूषण पर तत्काल चर्चा की मांग की। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में वायु प्रदूषण पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किया और राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने का अनुरोध किया। अपने प्रस्ताव में टैगोर ने दिल्ली के 24 घंटे के औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 461 का हवाला दिया, जिसे गंभीर प्लस श्रेणी में रखा गया है और यह इस मौसम का उच्चतम स्तर है।

# भेदभाव के आधार पर कोई कानून पास नहीं किया जाना चाहिए

**मनरेगा के नाम बदलने पर लोकसभा में बोलीं प्रियंका गांधी**

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025, जिसे वीबी-जी राम जी विधेयक के नाम से भी जाना जाता है, का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (एमजीएनआरईजीए) को कमजोर करेगा और इसके तहत दिए जाने वाले 100 दिनों के रोजगार के प्रावधान को नकार देगा। लोकसभा में बहस के दौरान वायनाड की सांसद ने कहा कि पर्याप्त



परामर्श या चर्चा के बिना किसी भी विधेयक को संसद में जल्दबाजी में पारित नहीं किया जाना चाहिए और आरोप लगाया कि यह विधेयक निजी जुनून या पक्षपात के कारण जल्दबाजी में पारित किया जा रहा है। प्रियंका गांधी ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि सदन से उचित परामर्श या किसी भी चर्चा के बिना इस विधेयक को जल्दबाजी में पारित नहीं किया जाना चाहिए।

## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल को राहत, कांग्रेस ने सत्य की जीत बताया

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बड़ी राहत मिलने पर पार्टी ने इसे सत्य की जीत करार दिया है। गौरतलब है कि अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से नेशनल हेराल्ड मामले में गांधी परिवार तथा अन्य के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया। अदालत के इस फैसले को कांग्रेस ने अपने अधिकारिक सोशल मीडिया पर सत्य की जीत बताया है। पार्टी ने कहा कि मोदी सरकार की बदनीयत और गैरकानूनी तरीके से की गई कार्यवाही पूरी तरह से बेनकाब हो गई है।

## 'चुनाव आयोग पर लंबे समय तक रहा एक परिवार का नियंत्रण', कांग्रेस पर बरसे जेपी नड्डा

नई दिल्ली,एजेंसी। राज्यसभा में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने एक-एक कर कई सारे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने चुनाव सुधार से लेकर विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोप तक सभी मामलों में केंद्र सरकार का रुख साफ किया। नड्डा ने श्वोट चोरी और ईवीएमश में गड़बड़ी जैसे आरोप को लेकर



कांग्रेस पर जमकर निशाना भी साधा और कांग्रेस पर देश को चुनाव आयोग और ईवीएम को लेकर गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चुनाव आयोग का काम एक परिवार द्वारा नियंत्रित पार्टी के जिम्मे रहा, लेकिन उस पर कभी सवाल नहीं उठाए गए। नड्डा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे सवाल पूछते हैं कि यह एसआईआर क्यों?, जबकि यह प्रक्रिया नई नहीं है और लोकसभा में 1952 से चली आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले चार महीनों में ऐसा माहौल बनाने की कोशिश की गई जैसे चुनाव में धांधली हो रही हो। जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार संसद में किसी भी मुद्दे पर चर्चा से कभी पीछे नहीं हटती।

# घने कोहरे में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा

**13 लोगों की मौत ,25 से अधिक घायल।**
**घने कोहरे में 7 बस और 3 कार आपस में टकराकर हुई खाक।**
**मुख्यमंत्री ने संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिवार को 2-2 लाख एवं घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता के दिए निर्देश।**
**पुलिस प्रशासन लगा बचाव कार्य में ।**
**हेल्प लाइन नम्बर किए जारी।**



मथुरा । थाना बलदेव के अंतर्गत मंगलवार की तड़के लगभग 4.30 बजे यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा से नोएडा की तरफ माइलस्टोन 127 पर घने कोहरा में लो विजिबिलिटी के कारण 07 बस व 03 छोटी गाड़ियों का भीषण एक्सीडेन्ट हो गया जिसके बाद तेज धमाके के साथ वाहन जलकर खाक हो गए इस सड़क दुर्घटना में 04 व्यक्तियों की मृत्यु एवं 25 से अधिक व्यक्ति घायल हो गए । सूचना पर दमकल और एम्बुलेंस की गाड़ियों के साथ पुलिस प्रशासन बचाव कार्य में जुटा रहा।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि घायल व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा चिकित्सकों को निर्देश दिए कि सभी घायलों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराए और बताया कि घायलों में कोई भी व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल नहीं है। बेहतर से बेहतर उपचार दिया जा रहा है। अन्य यात्रियों को गंतव्य तक सरकारी वाहनों से भिजवाया गया है। पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग, एन0एच0ए0आई0, स्वास्थ्य विभाग आदि द्वारा दुर्घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर बचाव कार्य किया गया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद मथुरा में सड़क दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश देते हुए दिवंगतों के शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है तथा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि घायलों का तत्काल, समुचित एवं निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करते हुए उन्हें हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने हादसे में दिवंगतों के परिजनों को रुपए 02-02 लाख तथा घायलों को रुपए 50-50 हजार की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल में पहुंच कर घायल रघुवीर निवासी हमीरपुर से नोएडा जा रहे थे, अमन यादव निवासी कानपुर से वृन्दावन दर्शन करने आ रहे थे शिफ्ट कार से तथा आशीष श्रीवास्तव निवासी गोरखपुर से चंडीगढ बस से जा रहे थे। सभी का हाल चाल जाना और उनके परिवारों वालो से संपर्क किया गया।

जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देश दिए कि इलाज में कोई लापरवाही न हो सबको अच्छा इलाज किया जाए।

पुलिस प्रशासन ने ये हेल्पलाइन नंबर किए जारी

जिला प्रशासन द्वारा दुर्घटना के संबंध में हेल्पलाइन नंबर 0565-2403200 जारी किया । किसी भी समस्या या जानकारी हेतु कंट्रोल रूम मथुरा-05652403200 जिलाधिकारी मथुरा-9454417512

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा के मोबाइल नंबर 9454417583 तथा एस0पी0 ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के मोबाइल नंबर 9454401103 पर संपर्क कर सकते है।



## प्रयागराज के भाजपा नेता राजू यादव की हादसे में मौत

प्रयागराज (संवाददाता)। प्रयागराज के प्रतापपुर के रहने वाले भाजपा नेता अखिलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ राजू यादव की यमुना एक्सप्रेसवे पर मथुरा के पास सड़क हादसे में मौत हो गई।



यह हादसा तेज घने कोहरे के कारण हुआ, जिसमें कई वाहन आपस में टकरा गए। हादसे में उनके साथ यात्रा कर रहे तीन अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। राजू यादव अपनी कार से दिल्ली जा रहे थे। मथुरा के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर घना कोहरा होने के कारण कई बसें और कारें एक–दूसरे से टकरा गईं। टक्कर के बाद एक इलेक्ट्रिक बस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई, जिसने आसपास की कारों और बसों को भी अपनी चपेट में ले लिया। देर रात हुए इस हादसे की सूचना पर पुलिस बल, एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन राजू यादव को बचाया नहीं जा सका। इस भीषण सड़क दुर्घटना में राजू यादव के अलावा भी कई लोगों की मौत होने की खबर है, जबकि सैकड़ों लोग घायल बताए जा रहे हैं। अखिलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ राजू यादव भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता थे और कई मंत्रियों के करीबी माने जाते थे। वह नहटी थाना सराय ममरेज निवासी स्वर्गीय बंशीधर यादव के पुत्र थे। अपने पिता की मृत्यु के बाद उन्होंने राजनीति में कदम रखा और अपनी अच्छी छवि बनाई थी। राजू यादव की मृत्यु की खबर प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। हजारों की संख्या में लोग उनके नहटी स्थित आवास पर पहुंचकर संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। उनके परिवार में तीन बेटियां और दो बेटे हैं। वह अपने भाइयों में इकलौते थे।

## एसआरएन अस्पताल में दो दिन नहीं होगा डायलिसिस

प्रयागराज (संवाददाता)। मंडल के सबसे बड़े अस्पताल एसआरएन अस्पताल को लेकर एडवाइजरी जारी हुई है। यानि कि स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में 17 व 18 दिसंबर को डायलिसिस की सुविधा बंद रहेगी। स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज के डायलिसिस यूनिट में रोगियों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं संक्रमण–मुक्त उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्टेरलाइजेशन, मशीनों की गहन सफाई, तकनीकी जांच तथा नियमित मेंटेनेंस कार्य किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के कारण डायलिसिस सेवा 24 घंटे के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगी।




**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0 पीआरवाइजे-सिग-032-2025-26

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| | |
|---|---|
| निविदा नं.: 032 | अनुमानित मूल्य : 4039325.15/- |

**कार्य का विवरण** : प्रयागराज मंडल के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता-प्रयागराज (ए) एडीईएन/एनवाईएन (13 यार्ड) के अधीन नैनी-मानिकपुर में विभिन्न यार्डों के सुधार के लिये एस एंड टी कार्य, (बी) मानिकपुर-नैनी सीटीआर(एस)-5.377 किमी0 के लिये एस एंड टी कार्य एवं (सी) एडीईएन/एल/प्रयागराज के अधीन बमरौली (बीएमयू) स्टेशन पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं में कमी की पूर्ति के लिये प्लेटफार्म संख्या 1 और 2 को उच्च स्तर तक उठाने के सम्बन्ध में सिगनलिंग कार्य।

| | |
|---|---|
| धरोहर राशि : 80800/- | निविदा प्रपत्र का मूल्य : 0.00/- |
| कार्य समापन की अवधि : बारह माह | निविदा खुलने की तिथि : 09.01.2026 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता** : निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है।

**धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूप** : निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्यूरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्यूरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिये। बैंक गारंटी जमा करते समय यह उ0प्र0 स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्यूरिटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी।

**निविदा खुलने का समय, तथा स्थान** : निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवसपर खोली जायेगी।

**निविदा की वैधता** : निविदा खुलने के 60 दिन तक।

**निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार** : रेलवे प्रशासन का, किसीभी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

2404/25 (C)

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

रजिस्ट्री सं. डी.एल.-33004/99 | REGD. No. D.L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**

**The Gazette of India**

सी.जी.–यू.पी.–अ.–15122025–267479

CG-UP-E-15122025-267479

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)

PART II - Section 3 - Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 4896] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 6, 2025/कार्तिक 15, 1947

No. 4896] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 6, 2025/KARTIKA 15, 1947

रेलवे मंत्रालय

[उत्तर मध्य रेलवे (गति शक्ति विभाग)]

अधिसूचना

प्रयागराज, 3 जुलाई, 2025

का.आ. 5051(अ).- केंद्रीय सरकार, रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 2 के खंड (72) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन के तारीख से, नीचे सारणी के स्तम्भ (2) में उल्लिखित विशेष रेल परियोजना के लिए उक्त सारणी के स्तंभ (3) में उल्लिखित राज्य में निष्पादन, अनुरक्षण, प्रबंधन और परिचालन के लिए सक्षम प्राधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए सारणी स्तम्भ (5) में उल्लिखित अधिकारी को प्राधिकृत करती है।

| क्र.सं. | विशेष रेल परियोजना | राज्य | जिला | सक्षम प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | अथसराय-अथसराय स्टेशन पर गुड्स शेड की सुविधा का प्रावधान, कौशांबी, उत्तर प्रदेश। | उत्तर प्रदेश | कौशांबी | अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) |

[फा. सं. NCR-PRYJ0ENGG(LAND)/8/2023-O/o CPM/GSU/PRYJ (कंप्यूटर नंबर 92860) दिनांक : 05.06.2025.]

2420/25 (C) | अन्नाकुल हक्का, मुख्य अभियन्ता, (निर्माण-III)/आर.एस.पी.

@CPRONCR | North central railways | cproncrly | CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# माघ मेला 2026 का पूरा ट्रैफिक प्लान, कहां से मिलेगा प्रवेश, कैसे होंगे एग्जिट, कहां करेंगे गाड़ी पार्क और कैसे पहुंचेंगे संगम

प्रयागराज (संवाददाता)। माघ मेला 2026 को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था को लेकर अब तक का सबसे विस्तृत ट्रैफिक तैयार कर लिया गया है। इसमें पैदल श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों, छोटे–बड़े वाहनों के प्रवेश, निकास, डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था का पूरा खाका शामिल है। दैनिक भास्कर सबसे पहले अपने पाठकों के लिए इस प्लान को लेकर आया है, जिसे देखकर श्रद्धालु आसानी से समझ सकते हैं कि उन्हें किस रास्ते से संगम में प्रवेश मिलेगा। स्नान के बाद किस मार्ग से बाहर निकलना होगा और वाहन कहां खड़े करने होंगे।

प्रमुख स्नान की तिथियां

पौष पूर्णिमा 03 जनवरी 2026 (शनिवार)

मकर संक्रान्ति 15 जनवरी 2026 (गुरुवार)

मौनी अमावस्या 18 जनवरी 2026 (रविवार)

बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार)

माघी पूर्णिमा 01 फरवरी 2026 (रविवार)

महाशिवरात्रि 15 फरवरी 2026 (रविवार)

सामान्य दिनों की पैदल यातायात योजना

नगर क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु

नगर क्षेत्र से आने वाले पैदल श्रद्धालु काली सड़क से थाना कोतवाली तिराहा पहुंचेंगे, जहां से दाहिने मुड़कर अपर संगम मार्ग होते हुए संगम तक जाएंगे।

वापसी व्यवस्था

स्नान के बाद श्रद्धालु केन्द्रीय नियंत्रण टॉवर (CCT) के सामने से शुरू होने वाले मार्ग से अक्षयवट मार्ग / पुलिस लाइन तिराहा / बाएं मुड़कर त्रिवेणी मार्ग फोर्ट गेट चौराहा होते हुए बाहर निकलेंगे।

द्वितीय वापसी मार्ग

संगम से लौटने वाले श्रद्धालु अक्षयवट क्रॉसिंग से बाएं मुड़कर अक्षयवट मार्ग → किला घाट मार्ग → हनुमान मंदिर → जगदीश रैम्प → त्रिवेणी मार्ग से भी वापसी कर सकेंगे।

जीटी जवाहर चौराहा से आने वाले श्रद्धालु

जीटी जवाहर चौराहा से श्रद्धालु पटेल संस्थान → काली–2 मार्ग → मोरी रैम्प → किला घाट मार्ग → काली सड़क चौराहा पहुंचेंगे। यहां से थाना कोतवाली तिराहा अपर संगम मार्ग के जरिए संगम भेजा जाएगा।

नागवासुकि रिवर फ्रंट मार्ग

नागवासुकि रिवर फ्रंट से आने वाले श्रद्धालु गंगामूर्ति चौराहा → मोरी तिराहा → किला घाट मार्ग → काली सड़क चौराहा → थाना कोतवाली तिराहा → अपर संगम मार्ग से संगम पहुंचेंगे।

झूंसी क्षेत्र से आने वाले स्नानार्थी

झूंसी से पैदल आने वाले

प्रवेशरू त्रिवेणी मार्ग / पांटून पुल संख्या–2

वापसीरू महावीर मार्ग / पांटून पुल संख्या–1

समुद्रकूप की ओर से

लोअर संगम मार्ग पर खाक चौक थाना चौराहे से दाहिने मोड़ा जाएगा और इसके बाद फिर लोअर संगम मार्ग त्रिवेणी मार्ग चौराहा से बाएं मोड़कर त्रिवेणी मार्ग से पांटून पुल संख्यादृ2 से संगम अपर मार्ग भेजा जाएगा। वापसी में महावीर मार्ग से पांटून पुल नंबर एक से भेजा जाएगा।

टीकरमाफी तिराहा से

टीकरमाफी तिराहा → त्रिवेणी मार्गदृरिवर फ्रंट मार्ग चौराहा से त्रिवेणी मार्ग होते हुए पांटून पांटून पुल संख्या–2 से संगम अपर मार्ग से संगम जाएंगे। वापसी में महावीर मार्ग / पांटून पुल संख्यादृ1 से भेजे जाएंगे।

झूंसी लौटने वाले श्रद्धालु अक्षयवट व महावीर जी मंदिर दर्शन के बाद

जगदीश रैम्प त्रिवेणी मार्ग → पाकड़ पेड़ तिराहा → बाघम्बरी मार्ग → काली मार्ग → पांटून पुल संख्यादृ3 से झूंसी भेजे जाएंगे।

नैनी क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु

लखनऊ / प्रतापगढ़ मार्ग (परेड)

बड़े वाहन : प्लॉट संख्या – 17

छोटे वाहनरू नागवासुकि, गल्ला मंडी, हेलीपैड, काली सड़क यातायात पुलिस के



नैनी क्षेत्र से आने वाले श्रद्धालु अरैल घाट पर स्नान करेंगे। संगम जाने के इच्छुक श्रद्धालु काली सड़क → थाना कोतवाली तिराहा → अपर संगम मार्ग से संगम पहुंचेंगे। वापसी की व्यवस्था CCT अक्षयवट मार्ग → त्रिवेणी मार्ग से फोर्ट गेट चौराहा होकर रहेगी।

सामान्य दिनों की वाहन यातायात व पार्किंग व्यवस्था

जौनपुर / वाराणसी मार्ग (झूंसी)

बड़े वाहन : ओल्ड जीटी कछार, महुआबाग

छोटे वाहन : ओल्ड जीटी कछार, सोहम आश्रम

मिर्जापुर / रीवां / चित्रकूट मार्ग (अरैल)

डीपीएस कछार, गंजिया पार्किंग, नवप्रयागम प्रथम व द्वितीय, यमुनापट्टी कछार पार्किंग

यहां से पूर्व निर्धारित पैदल मार्ग से स्नान के लिए संबंधित घाट तक जाएंगे।

कानपुर मार्ग (परेड)

बड़े वाहन : प्लॉट संख्या–17 (काली एक्सटेंशन)

छोटे वाहनरू गल्ला मंडी दारागंज, हेलीपैड, काली सड़क, पांटून पुल कार्यशाला सामने व बगल में और पांटून पुल कार्यशाला पार्किंग में

मुख्य स्नान पर्व पर विशेष यातायात योजना(मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी)

मुख्य स्नान पर्व पर जौनपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, रीवादृचित्रकूट, कानपुर और लखनऊ–प्रतापगढ़ मार्गों से आने वाले वाहनों के लिए डायवर्जन आधारित ट्रैफिक सिस्टम लागू रहेगा। हर पार्किंग के 75: भरते ही अगली वैकल्पिक पार्किंग सक्रिय होगी।

झूंसी, अरैल और नगर क्षेत्र में ओल्ड जीटी कछार, चीनी मिल, पूरे सूरदास, सरस्वती, त्रिवेणीपुरम, डीपीएस, ओमेक्स सिटी, नवप्रयागम, यमुनापट्टी, नागवासुकि, आईईआरटी, एमएनएनआईटी सहित अनेक पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। हेलीपैड पार्किंग केवल प्रशासनिक वाहनों व एंबुलेंस के लिए आरक्षित रहेगी

जौनपुर मार्ग (झूंसी क्षेत्र)

आगमन :–

जौनपुर मार्ग से आने वाले सभी बड़े–छोटे वाहन रहिमापुर तिराहा (जेपी मेमोरियल हॉस्पिटल) से एजे मार्ग होकर ओल्ड जीटी कछार पार्किंग में पार्क होंगे।

75% भरने पर वाहन क्रमशः चीनी मिल पार्किंग / पूरे सूरदास पार्किंग / सरस्वती पार्किंग (झूँसी रेलवे स्टेशन के पास) भेजे जाएंगे।

इसके बाद श्रद्धालु पैदल मार्ग से स्नान क्षेत्र जाएंगे।

वापसी :–

सभी पार्किंग से वाहन गारापुर मार्ग, सोनौटी चौराहा, रहिमापुर, अण्टा चौराहा, भैरों कुआँ होते हुए सहसों–अंदावा मार्ग से अपने गंतव्य को जाएंगे।

सरस्वती पार्किंग से वापसी कटका तिराहा → अंदावा → सहसों मार्ग से होगी।

वाराणसी मार्ग (झूंसी क्षेत्र)

आगमन :–

छोटे वाहन सोहम आश्रम पार्किंग में पार्क होंगे।

75% भरने पर क्रमशः ज्ञान गंगाघाट पार्किंग एचआरआई पार्किंग भेजे जाएंगे।

इसके अलावा वाहन महुआबाग पार्किंग, फिर त्रिवेणीपुरम (उत्तरीध्दक्षिणी) और अंत में नागेश्वर मंदिर रिजर्व पार्किंग में पार्क होंगे।

वापसी :–

सोहम आश्रम, ज्ञान गंगाघाट व एचआरआई पार्किंग से वाहन छतनाग मार्ग → जीटी रोड → अंदावा तिराहा से जाएंगे।

नागेश्वर मंदिर पार्किंग से वापसी भदकार (जेकेडीएल) मार्ग से होगी।

मिर्जापुर मार्ग (अरैल क्षेत्र)

आगमन :–

बड़े वाहन डीपीएस कछार पार्किंग में और छोटे वाहन गजिया पार्किंग में खड़े होंगे।

गजिया भरने पर वाहन डीपीएस कछार, फिर देवरख उपरहार और ओमेक्स सिटी पार्किंग भेजे जाएंगे।

वापसी :–

गजिया पार्किंग से वापसी अरैल–बांध रोड मिर्जापुर मार्ग से होगी।

अन्य पार्किंग से वाहन सड़वा मोड़ होकर मिर्जापुर मार्ग जाएंगे।

रीवा–चित्रकूट मार्ग (अरैल क्षेत्र)

आगमन :–

सभी वाहन यमुना पट्टी कछार पार्किंग (अरैल) में पार्क होंगे।

इसके बाद क्रमशः नवप्रयागम प्रथम, द्वितीय, विस्तार व एफसीआई चाका ग्राम पार्किंग का उपयोग होगा।

वापसी :–

नवप्रयागम पार्किंग से वाहन लेप्रोसी चौराहा → रीवा–चित्रकूट मार्ग जाएंगे।

एफसीआई पार्किंग से वापसी मामा–भांजा तिराहा होकर होगी।

कानपुर मार्ग (शहर क्षेत्र)

आगमन :–

कानपुर मार्ग से आने वाले वाहन काली एक्सटेंशन, गल्ला मंडी, सीएमपी कॉलेज, जॉर्जटाउन, जीआईसी, ईसीसी, सीएवी कॉलेज, राजकीय मुद्रणालय व नेहरू पार्क सहित निर्धारित पार्किंगों में चरणबद्ध रूप से पार्क होंगे।

नोट :–

हैलीपैड पार्किंग (थाना परेड) केवल प्रशासनिक वाहनों व एंबुलेंस हेतु आरक्षित रहेगी।

सभी पार्किंग से वापसी आगमन मार्गों से ही होगी।

लखनऊ–प्रतापगढ़ मार्ग

आगमन :–

वाहन पांटून पुल व चंद्रशेखर आजाद सेतु होकर नागवासुकी कछार, आईईआरटी, भारत स्काउट गाइड व आरपीटीआई ग्राउंड पार्किंग में पार्क होंगे।

वापसी :–

नागवासुकी पार्किंग से वाहन बजरंगदास मार्ग से तथा अन्य पार्किंग से आगमन मार्गों से लौटेंगे।

एग्जिट व्यवस्था

सभी पार्किंग स्थलों से वाहनों की वापसी उसी मार्ग से कराई जाएगी, जिससे वे आए हैं, ताकि जाम की स्थिति न बने।

# चलती ट्रेन से फिसली महिला, इंस्पेक्टर ने बचाई जान

### प्रयागराज जंक्शन पर आरपीएफ प्रभारी की तत्परता से टला हादसा, यात्रियों ने कहा–वेलडन सर

प्रयागराज (संवाददाता)। प्रयागराज जंक्शन पर मंगलवार को रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) इंस्पेक्टर की मुस्तैदी से एक बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी संख्या 12987 के प्लेटफॉर्म संख्या 01 से प्रस्थान के दौरान कोच संख्याँ–5 में चढ़ते समय एक महिला यात्री पैर फिसलने से नीचे गिर गई। इसी दौरान गश्त पर मौजूद आरपीएफ प्रयागराज प्रभारी अमित कुमार मीणा ने तत्परता दिखाते हुए महिला को सुरक्षित बचा लिया।



घटना मंगलवार दोपहर करीब 12:15 बजे हुई। ट्रेन के प्रस्थान के समय प्लेटफॉर्म पर नियमित गश्त कर रहे निरीक्षक आरपीएफ प्रयागराज अमित कुमार मीणा की नजर उस महिला पर पड़ी, जो चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से महिला फिसलध गई। वह ट्रेन के साथ घिसटने लगी। यह देख इंस्पेक्टर अमित दौड़कर पहुंचे और महिला को बचाकर प्लेटफार्म पर ले आए।

बचाई गई महिला की पहचान फोजिया बानो, पुत्री गुलाम मोहम्मद, निवासी ग्राम उभारी जसरा, थाना घूरपुर, जनपद प्रयागराज के रूप में हुई है। वह प्रयागराज से अजमेर की यात्रा कर रही थीं। घटना के समय ट्रेन स्पीड पकड़ रही थी। मौके पर मौजूद यात्रियों ने बताया कि आरपीएफ इंस्पेक्टर ने तत्परता नहीं दिखाई होती तो गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। घटना के बाद आरपीएफ द्वारा यात्रियों को चलती ट्रेन में चढ़ने से बचने और ट्रेन के पूर्ण रूप से रुकने के बाद ही चढ़ने की अपील की गई। साथ ही रेलवे नियमों का पालन करने को लेकर जागरूक किया गया।

रेल्वे अफसरों का कहनाध है कि आरपीएफ निरीक्षक अमित कुमार मीणा द्वारा किया गया यह कार्य "ऑपरेशन जीवन रक्षा" के उद्देश्य को साकार करता है, जिसमें रेलवे परिसरों में यात्रियों की जान की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। यह घटना रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता और मानवीय संवेदना का जीवंत उदाहरण है।

# कांग्रेस ने एक रुपए में 85 पैसे के घोटाले किए

प्रयागराज (संवाददाता)। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा



योजना के नाम में बदलाव को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के विरोध पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने विपक्ष को मुद्दाविहीन बताते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा को देश और उत्तर प्रदेश की प्रगति दिखाई नहीं देती। उनके अनुसार विपक्ष सिर्फ वोट बैंक की राजनीति में उलझा है और चाहता है कि गरीब गरीब ही बना रहे।

डिप्टी सीएम ने आरोप लगाया कि यही दल भ्रष्टाचार के प्रतीक रहे हैं, जिन्होंने कभी एक रुपए में 85 पैसे के घोटाले किए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी "सबका साथ, सबका विकास" के मंत्र के साथ 140 करोड़ देशवासियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं और इसी वजह से भाजपा को जनता का लगातार आशीर्वाद मिल रहा है।

इसके बाद डिप्टी सीएम ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने अखिलेश यादव के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें भाजपा को कम्युनल और कैपिटलिस्ट कहा गया था। केशव मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव बिहार चुनाव में अहंकार के साथ गए थे, लेकिन बिहार की जनता ने उनके अहंकार को तोड़ दिया।

उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि जिस तरह अखिलेश यादव ने कहा था "अवध में हराए हैं, मगध में हराएंगे", उसी मगध की जनता ने उन्हें करारा जवाब दिया और कमल का फूल खिला दिया।

डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश की जनता भी अखिलेश यादव को सैफई भेज देगी। उनके मुताबिक इस तरह की बयानबाजी यह दिखाती है कि अखिलेश यादव इस समय संतुलन बनाए रखने में असमर्थ हैं और सत्ता के लिए "मुंगेरी लाल के हसीन सपने" देख रहे हैं।

## प्रयागराज में दबंगई से खाली कराई दुकान

प्रयागराज (संवाददाता)। प्रयागराज में दुकान और गोदाम खाली कराने को लेकर जमकर हंगामा हुआ। दो पक्षों में मारपीट के बाद इलाहाबाद फोम हाउस का सारा सामान सड़क पर फेंक दिया गया। इस दौरान लाठी डंडों और राड से मारपीट की गई। इसका वीडियो भी सामने आया है। मारपीट में दो युवकों का सिर फट गया। घटना शहर के मुट्ध्ठीगंज थाना क्षेत्र के बहादुरगंज मालवीय रोड की है। मालवीय नगर के रहने वाले कारोबारी मो. रिजवान ने मुट्ठीगंज थाने में तहरीर देकर कहा– दुकान उनके कब्जे में 32 सालों से रही। 15 दिसंबर को दूसरे पक्ष के 25 से 30 लोग पहुंचे और बवाल करते हुए मारपीट करने लगे। इसके बाद दुकान का सारा सामान निकाल कर सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया। विरोध करने पर मारपीट की गई। परिवार की महिलाएं बीच बचाव में आईं तो उन्हें भी पीटा गया। आरोप है कि दो घंटे दबंगई के बाद दुकान का सारा सामान सड़क पर फेंक दिया गया। दुकान से सामान फेंकने के दौरान गल्ले से 50 हजार रुपए भी लूट लिए गए। मुट्ध्ठीगंज पुलिस का कहना है कि दोनों पक्ष का आपसी विवाद है। तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। वीडियो को संज्ञान में लिया गया है।

## अब आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी समन्वय समिति

प्रयागराज (संवाददाता)। कल सोमवार को प्रयागराज में लोक सेवा आयोग के बाहर प्रतियोगी छात्रों ने प्रदर्शन किया। इस आंदोलन में कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े लोग शामिल हुए थे, इससे प्रतियोगी छात्रों में नाराजगी रही। इसे देखते हुए आज मंगलवार को विभिन्न छात्र संगठनों की वर्चुअल रूप से संयुक्त बैठक हुई। इसमें कई अहम मुद्दों पर मंथन हुआ। इसमें अब भर्ती संस्थाओं से संबंधित आंदोलन की तैयारी व रणनीति तैयार करने के लिए एक समन्वय समिति का गठन किया गया। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय के नेतृत्व में हुई वर्चुअल बैठक में 15 दिसंबर को लोक सेवा आयोग पर हुए प्रदर्शन में राजनीतिक हस्तक्षेप की कड़ी आलोचना की गई। आंदोलन में नहीं होगा किसी राजनीतिक दल का झंडा बैठक में निर्णय लिया गया कि एक संयुक्त कमेटी होगी जो भर्ती संस्थाओं के मनमानेपन के खिलाफ लड़ाई लड़ने और प्रदर्शन के लिए निर्णय लेने का कार्य करेगी। जल्द ही अलग अलग जगहों पर छात्रों के साथ बैठक कर के आगे की रणनीति तय की जाएगी। साथ में समिति ने निर्णय लिया कि छात्र आंदोलन में सभी राजनीतिक दलों और छात्र संगठनों से सहयोग लिया जाएगा लेकिन सिर्फ छात्रों के मुद्दे पर किसी भी प्रदर्शन में किसी राजनीतिक दल के झंडा, बैनर या समर्थन या विरोध में नारेबाजी की अनुमति नहीं होगी। समस्त छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने पक्ष रखे। सर्व सहमति से समन्वय समिति के गठन का निर्णय लिया गया। इस बैठक में प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति से प्रशांत पांडेय, प्रतियोगी छात्र प्रतिनिधिमंडल के संयोजक शीतला प्रसाद ओझा, कृषि प्रतियोगी छात्रसंघ से अभिनव मिश्रा, प्रतियोगी छात्र महासंघ बेट्टू बाजपेयी, छात्र ज्ञान संघ से ज्ञान शुक्ला, समीक्षा अधिकारी ध्सहायक समीक्षा अधिकारी संघर्ष कमेटी से संदीप अग्रहरि, प्रतियोगी छात्र राघवेंद्र तिवारी, मो. रिजवी, आशीष सिंह, भीमराज, प्रवीण गुप्ता, अर्चना सिंह, श्वेता तिवारी, नीरज मिश्रा, सचिन समेत अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### 6 डॉग ओनर पर जुर्माना,नगर निगम से लाइसेंस नहीं लिया था

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ नगर निगम ने बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों पर फिर से एक्शन शुरू कर दिया है। मंगलवार को निगम की गोमतीनगर पहुंची। यहां चेकिंग अभियान में 6 डॉग ओनर ऐसे मिले जिनके पास कुत्ता पालने का लाइसेंस नहीं था। इन सभी से 6–6 हजार रुपए जुर्माना के रूप में वसूले। पशु कल्याण अधिकारी डॉक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान 6 लोगों को पेट लाइसेंस भी जारी किए गए। शहर में बिना लाइसेंस के कुत्ता–बिल्ली पालने पर कार्रवाई की जाएगी। आगे भी नगर निगम क्षेत्र के अंदर बिना लाइसेंस कुत्ता पालने वालों पर एक्शन जारी रहेगा। कुत्ते का लाइसेंस केवल रैबीज टीकाकरण प्रमाण पत्र और श्वान नियंत्रण उपविधि 2003 के पालन संबंधी शपथ पत्र के आधार पर जारी किया जाता है। लाइसेंस ऑनलाइन नगर निगम की वेबसाइट सउब.नच.दपब.पद पर बनाया जा सकता है या पशु कल्याण अधिकारी कार्यालय, लालबाग में भी आवेदन किया जा सकता है।

### अमौसी एयरपोर्ट से 7 फ्लाइट लेट, एक कैंसिल, सुबह से छाए घने कोहरे से कम हुई विजिबिलिटी

लखनऊ, संवाददाता। शहर और आसपास के इलाकों में सुबह से छाए घने कोहरे और खराब मौसम का सीधा असर चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय (अमौसी) एयरपोर्ट के उड़ान संचालन पर पड़ा। कम विजिबिलिटी के चलते कई उड़ानें अपने तय समय से देरी से चलीं, एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को डायवर्ट किया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों की मानें तो, न्यूनतम दृश्यता मानकों के नीचे चले जाने से टेकऑफ और लैंडिंग में बाधा आई, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान एआई 2499 (डीईएल), जिसका निर्धारित समय सुबह 07.10 बजे था, खराब मौसम के कारण रद्द कर दी गई। दम्माम से लखनऊ आने वाली उड़ान एक्सवाई 896 (डीएमएम), जिसका निर्धारित समय सुबह 05.15 बजे था, को सुबह 06.00 बजे डायवर्ट करना पड़ा। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि वे एयरपोर्ट आने से पहले अपनी संबंधित एयरलाइन से उड़ान की ताजा स्थिति की जानकारी अवश्य ले लें। मौसम के सामान्य होने के बाद उड़ान संचालन में सुधार की उम्मीद जताई गई है।

### छात्र कमरे में फंदा लगाकर लटका

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ में 9वीं के छात्र ने सुसाइड कर लिया। परिजनों के अनुसार उसे टेस्ट में कम नंबर मिले समझाया था कि मोबाइल मत चलाया करो। उसके बाद मोबाइल फोन देने से भी मना कर दिया। इसी से वह आहत हो गया था। सुबह उसे स्कूल के लिए जगाने गए तो देखा कि कमरे में फंदे पर बॉडी लटक रही है। घटना जानकीपुरम सेक्टर–सी की है। यहां आर्यन जायसवाल (16) अपने माता–पिता के साथ रहता है। वह प्राइवेट स्कूल में 9वीं का छात्र था। पिता महेंद्र जायसवाल ने पुलिस को बताया कि कल रात खाना खाने के बाद वह हमेशा की तरह ऊपर कमरे में सोने के लिए गया था। सुबह जब स्कूल जाने के लिए उसको उठाने पहुंचे तो उसे फंदे से लटके देखा। अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। आर्यन को टेस्ट में कम नंबर आए थे जिससे परिजनों ने उसे समझाया कि मोबाइल चलाना बंद कर दो। पढ़ाई पर ध्यान दो। पुलिस दूसरे एंगल पर भी जांच कर रही है।

### युवक की सड़क हादसे में मौत,3 माह पहले हुई थी बेटी

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। युवक मजदूरी कर अपने ससुराल जा रहा था। उमरावां चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई अनुज ने बताया कि कल रात करीब 9.30 बजे भाई रामनाथ रावत उर्फ कोटे (36 वर्ष) मजदूरी कर साइकिल से अपने ससुराल मुसपिपरी जा रहे थे। तभी तथास्तु हॉस्पिटल और उमरावां चौराहा के बीच एक अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन सवार अपना वाहन लेकर भाग गया। घायल अवस्था में भाई सड़क पर ही पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सौ सैय्या अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई अनुज ने बताया कि रामनाथ रावत की 3 महीने पहले बेटी हुई थी। इसको लेकर आयोजन की तैयारियां चल रही थी। परिवार में पत्नी बिट्टू, बड़ी बेटी प्रिया और 6 वर्षीय बेटा है। रामनाथ रावत ससुराल में ही रहकर परिवार पाल रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### होमगार्ड के बेटे की सड़क हादसे में मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद इलाके में बीती रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। बाइक को होमगार्ड का बेटा चल रहा था। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जहां पंचनामा के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। रहीमाबाद निवासी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि उनका भतीजा प्रभात यादव हजरतगंज में प्राइवेट नौकरी करता था। कल शाम को वह काम पर से घर लौट रहा था। रहीमाबाद स्थित धर्म कांटे के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह जख्मी हालत पर सड़क पर पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस उसकी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रभात यादव के पिता राज कुमार यादव उत्तर प्रदेश पुलिस में होमगार्ड हैं। इस समय उनकी ड्यूटी डीएम कार्यालय में चल रही है। अक्सर वह बेटे प्रभात के साथ ही आते जाते थे। कल ड्यूटी का समय दूसरा होने के चलते प्रभात अकेला ही ड्यूटी से घर लौट रहा था। चाचा ने बताया कि प्रभात की बाराबंकी से शादी तय थी। मार्च में शादी होनी थी। शादी को लेकर तैयारी शुरू हो गई थी। परिवार में पिता राजकुमार यादव, माता मंजू यादव, बड़ा भाई आयुष यादव, बड़ी बहन शालिनी यादव और छोटी बहन श्वेता है। पुलिस का कहना है घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अज्ञात वाहन की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रयागराज के वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह को कृष्ण सुदामा श्री सम्मान 2025

## मथुरा–वृन्दावन में न्यायमूर्ति अशोक कुमार के करकमलों से हुआ सम्मान



प्रयागराज। शहर के वरिष्ठ पार्षद एवं प्रख्यात समाजसेवी शिवसेवक सिंह को सामाजिक सेवा एवं दिव्यांगजनों के स्वाभिमान और अधिकारों के लिए किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए "कृष्ण सुदामा श्री सम्मान 2025" से सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिनांक 14 दिसम्बर को मथुरादृवृन्दावन में आयोजित दिव्यांग स्वाभिमान सम्मान 2025 समारोह में प्रदान किया गया।कार्यक्रम में न्यायमूर्ति अशोक कुमार, उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र, पुष्पमाला एवं बुके भेंट कर देश के विभिन्न प्रांतों से चयनित 21 विशिष्ट व्यक्तित्वों को दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।इस भव्य आयोजन का आयोजन अनाम स्नेह परिवार द्वारा गोविन्द मठ, गौरी गोपाल गौशाला, परिक्रमा मार्ग, मथुरा में किया गया, जिसमें देशभर से समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।पूर्व पार्षद कमलेश सिंह के आकस्मिक निधन के कारण वरिष्ठ पार्षद शिवसेवक सिंह कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। उनकी ओर से यह सम्मान उनके प्रतिनिधि, वरिष्ठ समाजसेवी एवं शिक्षाविद् श्री ब्रह्मप्रकाश तिवारी ने माननीय न्यायमूर्ति अशोक कुमार के करकमलों से ग्रहण कियाद्य शिवसेवक सिंह के सम्मानित होने की सूचना मिलते ही प्रयागराज में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों में हर्ष की लहर दौड़ गई। पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह, वरिष्ठ सभासद आनंद घिड़ियाल, अजय यादव, सुनीता दरवारी, कुसुम लता, राजू शुक्ला, अशोक सिंह, मुकुंद तिवारी, भोला तिवारी, आशीष तिवारी, नेम यादव, दिलीप जायसवाल, कॉमरेड डॉ. कमल उसरी, कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, अवनीश मिश्र, दिनेश गुप्ता, पूर्व पार्षद छेदी, चन्द्र प्रकाश, आनंद अग्रवाल, वरिष्ठ पार्षद मुकेश लारा, पूर्व पार्षद अनिल गुप्ता, अशोक कुमार, समाजसेवी श्रीनारायण यादव, पूर्व सांसद नागेंद्र प्रताप सिंह पटेल एवं ज्ञान सिंह पटेल सहित अनेक लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# लोकपाल की जन सुनवाई व संवाद कार्यक्रम रहा जारी

## बाबागंज व मानधाता ब्लाक के शिकायतों की हुई सुनवाई बीडीओ मंगरौरा के साथ किया संवाद

प्रतापगढ़। लोकपाल मनरेगा समाज शेखर की जन सुनवाई व संवाद कार्यक्रम निरंतर मंगलवार को जारी रहा। लोकपाल ने विकास खंड बाबागंज व मानधाता ब्लाक के शिकायतों की सुनवाई की। बीडीओ मंगरौरा के साथ संवाद कर प्रगति से अवगत हुए और ब्लाक में अगले सप्ताह जन चौपाल लगाए जाने का निर्देश दिया।

लोकपाल समाज शेखर ने बाबागंज ब्लाक के डीह बलई ग्राम पंचायत के प्रधान मुकुंद यादव व सचिव धीरेंद्र शुक्ल से पूर्व निर्देश के क्रम में कुसहा ग्राम के अधूरे तालाबों को पूर्ण कराए जाने का निर्देश दिया।

वहीं मांधाता ब्लाक के धनीपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने अपेक्षित पत्रावली प्रस्तुत की। लोकपाल ने सचिव व तकनीकी सहायक को आवश्यक आख्या के साथ 19 दिसंबर को अनिवार्य रूप से उपस्थिति होने का निर्देश दिया। लोकपाल ने बीडीओ मंगरौरा राजीव पांडेय के साथ मनरेगा व पी एम आवास के संदर्भ में संवाद किया। साथ ही अगले सप्ताह में ब्लाक में लोकपाल की जन सुनवाई व



संवाद कार्यक्रम कराए जाने को निर्देशित किया। इस अवसर पर अश्वनी मिश्र, दुर्गेश तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि पटना ग्राम पंचायत चंदन यादव व रमेश शर्मा आदि ने प्रतिभाग कियास

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित रेन बसेरा का निरीक्षण किया गया

मुजफ्फरनगर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा आज जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित रेन बसेरा का निरीक्षण किया गया। यह रेन बसेरा अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों के ठहरने की सुविधा हेतु स्थापित किया गया है। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य तीमारदारों के लिए उपलब्ध रुकने, बैठने, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेना रहा।



निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रेन बसेरा में ठहर रहे मरीजों के तीमारदारों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वहां उपलब्ध बिस्तर, कंबल, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा साफ–सफाई की स्थिति का अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं।

डॉ. सुनील तेवतिया ने निर्देशित किया कि रेन बसेरा में किसी भी तीमारदार को असुविधा न हो, इसके लिए नियमित सफाई, पर्याप्त कंबल एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ आए परिजनों को सम्मानजनक एवं सुरक्षित ठहराव उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को शासन के दिशा–निर्देशों के अनुसार व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा मानवीय संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

# दिल्ली–एनसीआर का नया विकास केंद्र बनेगा यूपी का ये जिला, निवेशक सम्मेलन में 1,300 करोड़ रुपये के आए प्रस्ताव

लखनऊ, संवाददाता। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में शामिल हापुड़ में आयोजित निवेशक सम्मेलन में 1,300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार राज्य को निवेश और औद्योगिक विकास का बड़ा गंतव्य बनाने की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में हापुड़ अब दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में निवेश के एक केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। बयान के मुताबिक, हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा हाल ही में आयोजित इन्वेस्ट इन हापुड़ सम्मेलन 2025 ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में हापुड़ भी गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम की तर्ज पर बड़े निवेश केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। इस निवेशक सम्मेलन के दौरान कुल 1,300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। निवेशक सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार की पारदर्शी नीतियों, सुदृढ़ कानून–व्यवस्था और निवेश–अनुकूल वातावरण के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के शीर्ष निवेश गंतव्य स्थलों में शामिल हो गया है। खन्ना ने 100 से अधिक निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली–एनसीआर का विकास अब केवल कुछ क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा। हापुड़ जैसे क्षेत्र अब नए विकास इंजन के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण (एचपीडीए) के वाइस चेयरमैन डॉ नितिन गौड़ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि प्राधिकरण ने सीमित समय में वित्तीय मजबूती और नियोजित विकास का प्रभावी मॉडल प्रस्तुत किया है। बयान के मुताबिक, पिछले दो वर्षों में हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण का कुल लाभ 172 करोड़ रुपये से बढ़कर 435 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहीं नक्शों और विभिन्न स्वीकृतियों से होने वाली आय 5.3 करोड़ रुपये से बढ़कर 26.32 करोड़ रुपये हो गई है। यह वृद्धि प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था और तेज निर्णय प्रक्रिया को दर्शाती है। निवेशक सम्मेलन के जरिये निवेशकों को यह संदेश देने की कोशिश की गई कि हापुड़ अब ग्रामीण छवि वाला क्षेत्र न होकर दिल्ली से लगभग 15 मिनट की दूरी पर स्थित एक उभरता हुआ शहरी एवं औद्योगिक केंद्र है।

# डॉक्टर हों या कर्मचारी, लगाना पड़ेगा अंगूठा

## सरकारी अस्पतालों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

लखनऊ, संवाददाता। योगी सरकार ने सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर सख्त कदम उठाया है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है। अब डॉक्टरों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बिना बायोमेट्रिक हाजिरी के वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।यह व्यवस्था जिला चिकित्सालयों, महिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पीएचसी समेत सभी सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में लागू होगी। स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बायोमेट्रिक प्रणाली को तत्काल प्रभाव से सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाए।सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य अस्पतालों में अनुशासन, समयबद्धता बढ़ाना, कर्मचारियों की अनुपस्थिति, देरी की शिकायतों पर रोक लगाना तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।




## बारहमासी फूल

सदाफुली, सदाबहार,देते हैं पैगाम
बारहमासी फूल के, हैं सब नाना नाम।
हैं सब नाना नाम, नयनतारा, पेरीविंकल।
मेंथारोन्थस पुष्प, काम करते हैं निश्छल।
सुन लो कहें प्रदीप,न कहना हैं मामूली।
रहें हमेशा साथ, दवा बनकर सदाफुली।।

कैंसर अरु मधुमेह से, जिसने दिया निजात।
सदाफुली उसको कहें, घर–घर भरे प्रभात।
घर–घर भरे प्रभात, फूल बनकर आकर्षक।
अपने कद अनुसार, खुशी देते हैं भरसक।
सुन लो कहें प्रदीप, रोग का बनके दुश्मन।
करते हैं उपचार, रहे चाहे वह कैंसर।।



**डॉ. प्रदीप चित्रांशी**
लूकरगंज, प्रयागराज

### चेता सिंह बने लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के मथुरा जिलाध्यक्ष



मथुरा। लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने चेता सिंह उर्फ चेतन राघव को प्रमाण पत्र देकर मथुरा का जिलाध्यक्ष घोषित किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि हापुड़ की प्रदेश समीक्षा बैठक में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पवन वर्मा ने सर्व सहमति से चेता सिंह को मथुरा का जिलाध्यक्ष एवं दिनेश कुमार निमेष को मथुरा का महानगर अध्यक्ष घोषित कर प्रमाण पत्र दिया है। चेता सिंह ने कहा कि वह लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास की विचारधारा एवं उपलब्धि को जन जन तक पहुंचाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देशन में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी मजबूती के साथ अपनी दावेदारी प्रस्तुत करेगी। पार्टी में युवा और महिलाओं को खास तवज्जो दी जा रही है। पार्टी दलित,पिछड़ा शोषित वंचित, सवर्ण सभी जाति धर्मों के हितों की पार्टी है।

### मुख्यमंत्री पहुंचे अयोध्या, रामलला के चरणों में झुकाया शीश, हनुमानगढ़ी में लगाई हाजिरी

लखनऊ, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अयोध्या पहुंचे। अयोध्या में महापौर, जनप्रतिनिधियों सहित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री सुबह सबसे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहाँ से वह सीधे हनुमानगढ़ी गए और संकटमोचन हनुमान के दरबार में विधिवत हाजिरी लगाई। दर्शन–पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री ने उपस्थित आमजन का अभिवादन स्वीकार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। श्रीरामलला के श्रीचरणों में शीश झुकाकर श्रद्धा व्यक्त की और विधिवत पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में आध्यात्मिक वातावरण के बीच मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर अयोध्या में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या के समग्र विकास और धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलने की बात कही।

### अखिलेश वादे के पक्के, जो कहते वो करते, महिलाओं को पसंद आई 40000 देने की बात

लखनऊ, संवाददाता। सपा चीफ अखिलेश यादव ने यूपी के महिला वोटर्स को लेकर एक बड़ी घोषणा की। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उनकी सरकार बनती है तो सालाना महिलाओं को 40000 रुपये देंगे। इस घोषणा के बाद चुनावी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। मैनपुरी की महिलाओं का इस वादे पर क्या रुख है और वे खुलकर बोली और अखिलेश की तारीफ की। मैनपुरी की पिंकी ने अखिलेश की 40000 रुपये देने की घोषणा को लेकर कहा कि अखिलेश यादव की सरकार बनती है तो वह 40000 रुपये देंगे।

## सम्पादकीय.......

# प्रेम–विवाह पर राजी

बदलते वक्त की धारा में युवाओं में बढ़ते प्रेम विवाह के रुझान को देखते हुए अब तक कठोर रही खापों ने भी रुख बदला है। जैसे कह रहे हों कि यदि मां–बाप राजी तो क्या करेगा काजी। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सोरम में देशभर की खाप पंचायतें तीन दिन तक जुटीं। जिसमें हरियाणा, पंजाब, उ.प्र., उत्तराखंड, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान आदि की विभिन्न जाति–धर्मों की 36 खाप बिरादरियों के प्रतिनिधि जुटे। रोचक यह है कि एक लाख से अधिक भागीदारों में आधे करीब 20–35 वर्ष के युवा थे। वजह यह भी थी कि खापों की सख्ती से बड़ी संख्या में युवाओं की शादी नहीं हो पा रही है। हालांकि, इस पंचायत में मौजूदा सामाजिक चुनौतियों मसलन इज्जत के नाम पर होने वाली हत्याएं, दहेज,भ्रूण–हत्या,मृत्यु–भोज जैसी कुरीतियों पर व्यापक विमर्श हुआ, लेकिन प्रेम विवाह का मुद्दा मुखरता से छाया रहा। महत्वपूर्ण बात यह रही कि सर्वखाप ने तय किया कि यदि माता–पिता की सहमति से प्रेम विवाह होता है तो खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। सर्वखाप पंचायत में देश की सबसे बड़ी बालियान खाप के प्रधान नरेश टिकैत का कहना था कि यहां इतने ज्यादा लोग इसलिए जुटे हैं कि मुद्दे कोई राजनीतिक या किसानों के न होकर, प्रेम–विवाह, अंतरजातीय विवाह शुरू करने, दहेज न लेने, मृत्युभोज बंद करने जैसे ज्वलंत विषयों से जुड़े रहे। आम राय रही है कि जिस विवाह को लेकर मां–बाप की सहमति होगी, उसमें समाज, रिश्तेदार अथवा खाप हस्तक्षेप नहीं करेगी। दरअसल, खापों के रवैये में लचीलापन आने की एक बड़ी वजह यह रही है कि युवा तेजी से प्रेम विवाह की तरफ उन्मुख हैं। लेकिन जहां ऐसा करने में सख्ताई है वहां बड़ी संख्या में युवा कुंआरे बने हुए हैं। हरियाणा, उ.प्र व एनसीआर के कई गांवों में सैकड़ों की कुंआरों की फौज खड़ी हैं। अब यह सोच बन रही है कि प्रेम विवाहों से समाज की कई बुराइयां व मुश्किलें भी कम हो रही हैं। बदलते वक्त के साथ परंपरागत शादियों में अलगाव, तलाक व टकराव के मामले हालिया सालों में बढ़े हैं। कई नेताओं में इस बात को लेकर सहमति बनाने की कोशिश हुई कि जिन जातियों में घड़ा व हुक्का–पानी एक है, उनमें शादियों की शुरुआत होनी चाहिए। समान कद वाली जातियों में भी शादी की बात छेड़ी गई, लेकिन इस पर कोई सहमति नहीं बनी। साथ ही समान गोत्र की खेतिहर जातियों में भी विवाह पर विचार हुआ। कई लोग उदाहरण देते रहे कि जाटों के सबसे बड़े नेता रहे चौधरी चरण सिंह ने अपनी तीन बेटियों व बेटे की अंतरजातीय शादी की। बताया जा रहा है कि जातीय अस्मिता और किसान संस्कृति की ध्वजवाहक जाट बिरादरी में विवाह से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गंभीर मंथन चल रहा है। वहीं दूसरी ओर कई खापों के नेता इस बात को नकारते दिखे कि डीएनए मिक्सिंग से आने वाली पीढ़ियां कमजोर होती हैं। तर्क दिया गया कि शरीर विज्ञान से जुड़ा कोई शोध–अनुसंधान इस बात की पुष्टि नहीं करता। बहरहाल, खापों की सकारात्मक सोच युवाओं के लिये नई उम्मीद लेकर आई है।

# केरल में कांग्रेस की जीत का मतलब

**डॉ. दीपक पाचपोर**

*केरल के नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेसनीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को बड़ी जीत मिली है। भले यह जीत दक्षिण के एक राज्य की है, लेकिन इसके दूरगामी असर पड़ने की संभावना है।*

2025 में कांग्रेस ने महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार तीन महत्वपूर्ण राज्यों को गंवाया है, जबकि कांग्रेस ने इस बरस को संगठन की मजबूती का साल बनाया था। बार–बार उम्मीदों के विपरीत परिणाम आने से कार्यकर्ताओं में थोड़ी निराशा आना स्वाभाविक है। लेकिन फिर साल के जाते–जाते कांग्रेस ने एक महत्वपूर्ण जीत दर्ज की है। केरल के नगरीय निकाय चुनावों में कांग्रेसनीत यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट को बड़ी जीत मिली है। भले यह जीत दक्षिण के एक राज्य की है, लेकिन इसके दूरगामी असर पड़ने की संभावना है। गौरतलब है कि केरल में अगले साल विधानसभा चुनाव हैं, इसके साथ–साथ तमिलनाडु, प.बंगाल, पुडुचेरी और असम में भी चुनाव हैं। असम और पुडुचेरी में पहले से भाजपा की सरकारें हैं, शेष तीन पर भी वह स्वाभाविकतरू जीत हासिल करने की कोशिश में है। प.बंगाल में ममता बनर्जी के वोटबैंक में भाजपा सेंधमारी की तैयारी में है, यहां अब वाम मोर्चे और कांग्रेस के मुकाबले भाजपा मजबूत हो चुकी है। तमिलनाडु में भाजपा का खास जनाधार नहीं है, एआईएडीएमके के सहारे जो जमीन भाजपा तलाश रही थी, उसमें उसे सफलता नहीं मिली है।केरल में भी भाजपा कई बरसों से हाथ–पैर मार रही है। पिछले चुनावों में मेट्रो मैन के नाम से मशहूर ई.श्रीधरन को भी भाजपा ने अपने खेमे में शामिल कर इस प्रगतिशील विचारधारा वाले राज्य को प्रभावित करने की कोशिश की थी, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। और अब नगरीय निकाय चुनावों में भी तिरुअनंतपुरम की नगर निगम जीतने के बावजूद भाजपा को केरल से झटका मिला है, क्योंकि यहां कांग्रेस लोगों की पहली पसंद के तौर पर उभरी है। कांग्रेसनीत यूडीएफ ने कोल्लम, कोच्चि, त्रिशूर और कन्नूर इन चार नगर निगमों के साथ 7 जिला पंचायतों, 54 नगर पालिकाओं, 79 ब्लॉक पंचायतों और 505 ग्राम पंचायतों में जीत हासिल की है। जबकि सत्तारुढ़ एलडीएफ को महज एक नगर निगम, सात जिला पंचायतों, 28 नगर पालिकाओं, 63 ब्लॉक पंचायतों और 340 ग्राम पंचायतों में जीत मिली है। एलडीएफ ने साल 2020 में हुए चुनाव में पांच नगर निगमों में जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार उसे सिफ ʼकोझिकोड में ही जीत मिली है। इससे पता चलता है कि लोगों का भरोसा पिनराई विजयन के वाममोर्चे से ज्यादा कांग्रेस पर बढ़ा है। वहीं भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने एक नगर निगम, दो नगर पालिकाओं और 26 ग्राम पंचायतों में जीत दर्ज की है।कांग्रेस सांसद शशि थरूर के संसदीय क्षेत्र तिरुअनंतपुरम की नगरनिगम जीतने को भाजपा एक बड़ी जीत बता रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस जीत पर केरल की जनता का धन्यवाद करते हुए कहा कि केरल की जनता यूडीएफ और एलडीएफ से तंग आ चुकी है। वहीं अमित शाह का कहना है कि केरल की जनता ने स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा और एनडीए को भारी जीत दिलाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तो तिरुवनंतपुरम में भाजपा की जीत को श्एक नए अध्याय की शुरुआतश बताया है।अब जिस राज्य में एक अदद सीट के लिए भाजपा सालों साल तरसी है, वहां एक नगरनिगम में अपना महापौर बना लेना उसे बहुत बड़ी जीत लग सकती है। लेकिन अगर भाजपा अपनी मामूली जीत को बहुत बड़ी उपलब्धि बताएगी, तो क्या वह यह मानेगी कि सत्ता के इस सेमीफाइनल में असली बाजी कांग्रेस के हाथ लगी है। क्योंकि उसने न केवल अपनी पिछली सीटें बरकरार रखी हैं, बल्कि सत्तारुढ़ मोर्चे से नयी सीटें भी हासिल की हैं। राहुल गांधी ने इस जीत के लिए केरल की जनता को सलाम भेजा है। कांग्रेस को उम्मीद है कि अब अगले साल के विधानसभा चुनावों में वह ऐसा ही अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कांग्रेस को अपने पिछले अनुभव देखते हुए काफी फूंक–फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर लगातार पार्टी लाइन से अलग हटकर अपनी बात रख रहे हैं। रुसी राष्ट्रपति पुतिन को दिए रात्रि भोज में राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खड़गे को न बुलाकर भाजपा ने श्री थरूर को आमंत्रित किया। इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर पर दुनिया के देशों में भारत का पक्ष रखने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधि मंडल में शशि थरूर शामिल थे। अभी शीतकालीन सत्र के दौरान राहुल गांधी ने कांग्रेस सांसदों की लोकसभा में प्रदर्शन की समीक्षा के लिए जो बैठक बुलाई, उससे शशि थरूर नदारद थे। और अब अपनी संसदीय सीट के स्थानीय निकाय में भाजपा की जीत को वे लोकतंत्र की खूबसूरती बताते हुए न्यायसंगत ठहराने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस को इससे ज्यादा स्पष्ट संकेत नहीं मिल सकते कि अब उसे केरल की इस कमजोर कड़ी पर संभल कर एक्शन ले लेना चाहिए। वैसे केरल की इस बड़ी जीत का श्रेय राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मेहनत और चतुर रणनीति को दिया जाना चाहिए। प्रियंका गांधी ने वायनाड जीतने के बाद लगातार केरल में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पिछले महीने वे कम से कम एक हफ्ता केरल में दौरा करती रहीं। इसी तरह राहुल गांधी ने भी केरल में कांग्रेस की गुटबाजी को रोकते हुए यह सुनिश्चित किया कि कांग्रेस को यहां शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में जनाधार बढ़ाना है। जहां तक वाममोर्चे का सवाल है, तो यह उनके लिए आत्मचिंतन का विषय है कि पहले प.बंगाल, फिर त्रिपुरा और अब केरल में वो कमजोर क्यों पड़ते जा रहे हैं। क्यों भाजपा यहां शून्य से आगे बढ़ रही है और मामूली जीत को इस तरह दिखा पा रही है कि अब केरल में मुकाबला एलडीएफ और यूडीएफ के बीच ही नहीं है, भाजपा भी विकल्प है। इस किस्म के नैरेटिव बना कर भाजपा ने कई बार जनता को भ्रमित किया है।

# तकनीक का पावर हाउस बनता भारत

**प्रेम शर्मा**

दुनिया का जानामाना सर्च इंजन गूगल और टेक्नाालॉजी की दिग्गज कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट और आनलाईन व्यापार का सुव्यवस्थित और विश्वसनीय अमेजन का संयुक्त रूप से भारत में छह लाख करोड़ रूपये का निवेश निश्चित तौर पर भारत को एशिया–प्रशांत का नया क्लाउड हब बनायेगा। वर्तमान में भारत एआई क्षमता, क्लाउड इन्फ्रा और डिजिटल सेवाओं में जापान और कोरिया की बराबरी कर रहा है। भारत के डाटा सेन्टर विस्तार की गति सिंगापुर को पार करती नजर आ रही है। यही नही भारत एआई कौशल उत्पादन में कई विकसित राष्ट्रों से आगे निकल चुका है। यही नही कनाड़ा, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया जैसी तकनीकी प्रगतिशील अर्थव्यवस्थाएं भी भारत की गति से पीछे नजर आने लगी है।भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है और 2025 तक 90 करोड़ (900 मिलियन) के पार जाने की उम्मीद है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ा योगदान हैय वर्तमान में लगभग 732 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जो इन्टरनेट के जरिये सीधो मोबाईल टीवी, सोशल मीडिया और ऑनलाइन संचार के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, और ग्रामीण भारत में भी अपनाने की दर बढ़ रही है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता बन गया है, वह सिर्फ चीन से पीछे है। भारत में युवाओं (15–29 वर्ष) की संख्या 371 मिलियन (लगभग 37 करोड़) से अधिक है, जो कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है और यह दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, हालांकि 2036 तक इसमें कमी आने का अनुमान है, लेकिन संख्या के हिसाब से यह बड़ी बनी रहेगी और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे देश के विकास के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यही कारण है कि भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था में तीव्रगति से प्रवेश कर चुका है। बढ़ती तकनीकी क्षमता से देश की आर्थिक प्रगति को देखकर वैश्विक चर्चा शुरू हो चुकी है। क्वाउड और एआई इन्फ्रा पर वर्तमान भारत को एशिया के तीन सबसे बड़े टेक इकोसिस्टम में स्थापित कर देगा। डीप–टेक और डाटा साइंस क्षेत्र में भारत दुनिया के पॉच शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है। यही नही भारत दुनिया के तीन डिजिटल टेक पावर हाउस रेस में शामिल हो चका है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन का छह लाख करोड का भारत में निवेश ग्लोबल क्लाइड कैपिटल में बदलने के दिशा में सबसे निर्णायक प्रगति है। भारत का डिजीटल इकोसिस्टम दुनिया की सबसे मजबूत संरचना में से एक बन रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार, भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में दुनिया का तीसरा सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धी देश बन गया है। यह लेटेस्ट रैंकिंग दिखाती है कि भारत का तेजी से बढ़ता टेक इकोसिस्टम और मजबूत टैलेंट बेस देश को ग्लोबल एआई रेस में अहम भूमिका निभाने में कैसे मदद कर रहा है। स्टैनफोर्ड के डेटा पर आधारित विजुअल कैपिटलिस्ट चार्ट दिखाता है कि एआई प्रतिस्पर्धा में यूनाइटेड स्टेट्स 78.6 के वाइब्रेंसी स्कोर के साथ दुनिया में सबसे आगे है। चीन 36.95 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि भारत 21.59 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर है। यह भारत को दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस सहित कई एडवांस्ड अर्थव्यवस्थाओं से आगे रखता है। स्टैनफोर्ड का एआई वाइब्रेंसी टूल यह मापने के लिए कई इंडिकेटर्स को एक सिंगल स्कोर में मिलाता है कि किसी देश का एआई इकोसिस्टम कितना विकसित और प्रतिस्पर्धी है।



## रचना सक्सेना की कुण्डलियाँ

लगते मानव देवता, कुछ ऐसे इंसान।
अपनो के ही बीच में, होते जो हैवान।।
होते जो हैवान, पीठ में भौंके छूरा।
रचकर जो षडयंत्र, करे जो मन की पूरा।।
बचना रचना आज, सदा तुम रहना जगते।
दानव बनकर लोग, हमें वो छलने लगते।।

संगति का होता असर, करो नेक का साथ।
दुष्ट मिले जो राह में, पकड़ चलो मत हाथ।।
पकड़ चलो मत हाथ, भरोसा खुद पर रखना।
अपनो के हीं बीच, उन्हे भी खूब परखना।।
रचना यह संस्कार, ग्रहण करता जो संतति।
पड़ता असर प्रभाव, करे वो जैसी संगति।।

रचना सक्सेना
अलोपीबाग
प्रयागराज

# सिर्फ यादें रह गईं

## (धारावाहिक लघु उपन्यास– भाग – एक)

लेखिका – अतिया नूर

उस वीराने से गुजरते हुए मैं आज फिर हसरत भरी निगाहों से उसे दूर–दूर तक तलाश करती रही और सोचती रही – शायद वो मुस्कुराता हुआ आएगा और मेरे गले से लग कर कहेगा३ मम्मा३मम्मा ..

या बहुत गुस्से में काँपता नजर आएगा३ बहुत सारी शिकायतें करेगा.. सामानों की पटक फोड़ करेगा, गुस्से में अपना सर दीवारों से टकराएगा, खुद को तकलीफें देगा.. फूट–फूट कर रोएगा.. फिर रोते– रोते हाथ जोड़कर कहेगा–" मैं बहुत बुरा हूँ न मम्मा" बहुत गलतियाँ करता हूँ ना..मुझे मर जाना चाहिए.. फिर सुबकते– सुबकते पूछेगा– मुझे आप दुनिया में क्यूं लाईं जब मेरा खयाल नहीं रख सकती थीं? और फिर रोते–रोते सोने की कोशिश करेगा मगर सारी रात जागता रहेगा।

सच ही तो कहता था वो। कहां रख सकी मैं उसका खयाल ? कहां कर सकी उसकी सही परवरिश?

लिख रही हूं उसकी दास्तान, ताकि फिर कोई मां –बाप अपने बच्चों की परवरिश इस तरह नहीं करें और फिर कोई ऐसा समीर न पैदा हो जो गलत परवरिश के चलते असमय ही अपने माँ– बाप और इस दुनिया को छोड़कर चला जाए।

अतीत का एल्बम खोलती हूँ तो जीवन के हर पेज को हवा का झोंका झकझोरता चला जाता है लेकिन मैं पहले पेज पर न जाने कितनी देर ठगी सी खड़ी– रह जाती हूँ, भटकती रह जाती हूँ अतीत के उन वीरान खंडहरों में..

सुर्ख जोड़े में सजी दुल्हन बनी मैं बाबुल के घर से विदा हो रही हूँ, आंखें नम हैं, अपनों से बिछड़ने का गम भी है लेकिन कोई अंजानी सी डोर है जिसकी कशिश में बंधी मैं बहुत खुशी से पलकों पर नए सपने सजाए, अंजाने हमसफर, अंजाने दोस्त की तलाश में निकल पड़ी हूँ। जैसे हमसफर की तस्वीर मेरी उन सखियों ने मुझे बता रखी थी जिनकी शादी मुझसे पहले हुई थी। सुनो न नीलांजना! साथी ऐसा होता है, साथी वैसा होता है३.

मेरे खयालों में एक ऐसा हमसफर था जो हमसफर से ज्यादा मेरा सबसे अच्छा दोस्त होगा, जिससे मैं अपने दिल की तमाम बातें बेझिझक, बेखौफ कह सकूंगी, जिसका साथ पाकर मुझे किसी के साथ की जरूरत नहीं महसूस होगी, जो मुझे टूट कर चाहेगा, मुझे जीवन की हर खुशी देगा, मेरे दर्द पर वो रो पड़ेगा, मेरे साथ खूब हंसेगा, वो मेरा इतना खयाल रखेगा कि मैं सारी दुनिया को भूल जाऊंगी। मैं हमेशा सोचती थी कि मेरा जीवनसाथी मेरे लिए छोटा सा, मगर एक ऐसा घर बनवाएगा, जहां सामान से ज्यादा प्यार की अहमियत और खुशबू होगी। मैं सोचती थी कि चाहे वो मेरे लिए बड़े–बड़े सामान न खरीदे लेकिन मेरी छोटी– छोटी ख्वाहिशों को जरूर पूरी करेगा। वो मेरी खामियां भी मुझे प्यार से बताएगा, मेरी अच्छाइयों पर अगर कभी– कभी मेरी तारीफ भी कर देगा तो मैं खुश हो जाऊंगी।

मैं सोचती थी कि वो जीवन के हर मसअले को लड़ाई से नहीं बल्कि बातों से हल करेगा। जब मैं उसके लिए सजूंगी तो वो मुहब्बत भरी ऐसी नजर से देखेगा कि मेरा कुम्हलाया हुआ जिस्म गुलाब की तरह खिल उठेगा। हम– दोनों के बीच इतना प्यार होगा कि हमें किसी और की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। बहुत खुशहाल होगा मेरा जीवन३

तमाम सपने सजाए ससुराल पहुंची हूं, हर तरफ खुशी का माहौल है, लेकिन कुछ तो कमी है, न जाने क्या कमी है३. समझने की कोशिश कर रही हूँ..

ससुराल में कदम रखते ही अजब हालात का सामना करना पड़ रहा है३बहुत सारी आवाजें गूंज रही हैं, मैं डरी–सहमी उन कर्कश आवाजों को सुन रही हूँ.. ये आवाजें मेरे साथ हमेशा रहीं, उम्र भर३.शायद बहुत कुछ कम था मेरे साथ, जो जिंदगी भर कम रहा..। दहेज से लेकर न जाने क्या– क्या३.

शेखर बहुत बड़ी कम्पनी में डायरेक्टर की रुतबेदार पोस्ट पर तैनात थे। वो बहुत हैंडसम थे। उनका व्यवहार किसी को भी अपनी ओर खींचने और पल भर में अपना बना लेने में सक्षम था। इतना खूबसूरत और खूबसीरत जीवनसाथी पाकर किसी को भी रश्क हो सकता था। उनका साथ पाकर मैं बहुत खुश थी, मुझे ऐसा लगा कि मेरे दामन में दुनिया की खुशियां सिमटकर आ गई हैं, खुश तो वो भी थे, एक–दूसरे को एक पल की जुदाई भी गवारा नहीं थी, अक्सर शेखर ये कहते भी थे कि– " माइ सर्च हैज एंडेड, आई हैव फाउंड माई लव" लेकिन बाद में महसूस हुआ कि ये खुशियाँ महज मेरा भरम थीं, मैं वो नहीं थी जिसकी उन्हें तलाश थी और ताउम्र स्वंय को मिटाने के बावजूद भी मैं वो नहीं बन सकी जहां पर उनकी तलाश समाप्त होती थी३

बस इसी हादसे का शिकार हो गया मेरा समीर३, दरअस्ल उसे वजूद में लाना ही मेरी सबसे बड़ी गलती थी। काश, उम्र के इस मोड़ पर आकर, बहुत कुछ खोने से पहले ही अगर मैं इतनी बड़ी और समझदार होती कि तमाम बंधानों को तोड़कर, अपने जीवनसाथी की खुशी के लिए उनके जीवन से चली जाती तो शायद जो दर्द, जो खालीपन हम दोनों ने और हमारे साथ हमारे बच्चे ने सहा वो कभी पैदा ही नहीं होता।

हालांकि मुझे शुरू में ही अंदाजा हो गया था कि मेरे जीवन में कुछ भी ठीक नहीं है, मैंने ये भी महसूस कर लिया था कि इस घर में मेरी कीमत एक बिन

पैसे की कामवाली से ज्यादा नहीं है, एक ऐसी कामवाली जिसे पूरे दिन, सारे घर के काम के बदले सबकी उपेक्षा, उलाहना से

से ज्यादा कुछ भी नहीं मिलने वाला था, लेकिन मैं अपने माँ–बाप की इज्जत के लिए जीने–मरने वाली बेटी थी सो हालात से समझौता करने की आदत डालने लगी। मैं अपने सपनों को भूल गई, मुझे लगा कि शायद विवाह का यही मतलब होता होगा, शायद मैं अपनी पलकों पर गलत सपने सजा बैठी थी३

मुझे ताउम्र कोई दोस्त नहीं मिला, मेरे जीवन में एक सन्नाटा एक खालीपन हमेशा कायम रहा। मैं आज भी सोचती हूं– कहां कोई बड़े सपने सजाए थे मैंने, कब चाहा था मैंने कि मैं महलों की रानी बनूं, मेरी तो ख्वाहिशें भी बहुत छोटी– छोटी थीं, मगर मेरे जीवनसाथी ने जिंदगी भर घर और बड़े–बड़े सामान तो बनाए मगर मेरी बहुत छोटी–छोटी ख्वाहिशों की कभी परवाह नहीं की, काश मैं लिख सकती कि वो कितनी छोटी– छोटी हसरतें थीं जिनकी कुर्बानी मैं ताउम्र देती रही।

हालांकि ऐसा नहीं था कि वो मेरी जरूरत के सामान मुझे नहीं मुहैया कराते थे, जरूर मुहैया कराते थे लेकिन जितना और जो वो चाहते थे, लाकर देते थे। मेरे कहने पर बहुत कम ऐसा होता था कि मुझे वो चीजें मिल जाएं...

अपनों के उपेक्षित व्यवहार ने मुझे ऐसा तोड़ा कि धीरे–धीरे मैं सजना – संवरना, हंसना– गाना, सब भूल गई। जरूरत से ज्यादा काम का बोझ भी बदन को निढाल कर देता था, उसके बाद समय का मिलना भी नामुमकिन सा था और अगर कोई देखने– सराहने वाला नहीं हो तो फिर सजती भी किसके लिए? मुझे तैयार होते देख ऐब निकालने वाले के लिए या मुझे हिकारत से देखने वाले के लिए?

मैं वही थी जो हर देखने वाले को बहुत खूबसूरत नजर आती थी। अडोस–पड़ोस के लोग मेरे जैसी सुघड़ बेटी, बहू की कल्पना करते थे, बहुत से लोग मेरे जैसी पत्नी पाने के ख्वाब देखते थे लेकिन मैं हमेशा शेखर के तानों और उपेक्षा की शिकार रही, उनका ये ताना कि– न जाने क्या देखकर मेरे घर वालों ने मेरी शादी तुमसे की.. मुझे अंदर से खोखला और शेखर से दूर, बहुत दूर करती रही।

मैं सदैव स्वंय को शेखर की नाकाम जिंदगी का कारण समझने लगी और अपराध बोधा से ग्रस्त रहने लगी, मुझे उनसे नहीं बल्कि हर पल खुद से ही शिकायतें थीं। मैं सोचती रहती थी कि मैं ऐसी क्यूं हूँ? मुझमें ऐसी कोई अदा क्यूं नहीं जो दूसरी औरतों में होती है? मैं मान बैठी थी कि–मुझमें ऐसा कुछ भी नहीं जिसके चलते शेखर मुझसे प्यार करते, वगैरह– वगैरह..

हां, फिर यूँ हुआ कि मैं अंदर से मर गई और मेरे साथ इश्क – मुहब्बत के सारे एहसास की भी मौत हो गई। सांसें तो चल ही रही थीं,जीने की मजबूरी थी इसलिए जीती रही और उनके साथ चलती रही, चलती रही...

शेखर मुझसे बातें तो करते थे लेकिन जो बातें उनको करनी होतीं थीं, बस उतनी।अधिकतर वो बातें काम को लेकर होती थीं। तुमने ये काम नहीं किया, यहां कूड़ा पड़ा है, या ये चीज सीधी क्यूं नहीं रखी, ये सामान मैंने ऐसे रखा था तो ऐसे क्यूं है? वगैरह– वगैरह...

मुझे क्या कहना–सुनना है, मुझपर क्या बीत रही है, उन्होंने सुना नहीं और फिर धीरे–धीरे मैंने उनसे कहना बंद कर दिया।

मैं बहुत अकेली थी.. मेरे साथ हंसने–रोने, बातें करने वाला कोई नहीं था। मुझे उम्र भर अकेले ही हंसने–रोने और खुद से बातें करनी थीं सो करती रही। दिल में बहुत मायूसी थी, बेहद मायूसी...।

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश

# करोड़ों की ठगी में जुड़ा सोनू सूद का नाम, महाठग के साथी संग बनाई थी ये कंपनी



बॉलीवुड के कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके और लाखों फैंस के पसंदीदा अभिनेता सोनू सूद अब करीब 1500 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस की जांच के दायरे में हैं। जांच में सामने आया है कि सोनू केवल इस कंपनी का प्रमोशन नहीं कर रहे थे, बल्कि ठगी से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत भी उनके खिलाफ पुलिस के हाथ लगे हैं। इस सनसनीखेज मामले ने न सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री को बल्कि उनके फैंस को भी चौंका दिया है।

> "बॉलीवुड के कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुके और लाखों फैंस के पसंदीदा अभिनेता सोनू सूद अब करीब १५०० करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस की जांच के दायरे में हैं। जांच में सामने आया है कि सोनू केवल इस कंपनी का प्रमोशन नहीं कर रहे थे, बल्कि ठगी से जुड़े महत्वपूर्ण सबूत भी उनके खिलाफ पुलिस के हाथ लगे हैं।

ब्लू म्यूजिक कंपनी का खुलासा

पुलिस के मुताबिक, सोनू सूद ने महाठग रविंद्रनाथ सोनी के साथी सूरज जुमानी के साथ मिलकर "ब्लू म्यूजिक" नामक कंपनी बनाई थी। यह कंपनी थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में पंजीकृत है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने इसकी पुष्टि की है।

सोनू–सूरज मिलकर कर रहे थे कंपनी का संचालन

कमिश्नर के अनुसार, पहले रविंद्रनाथ सोनी ने दावा किया था कि सोनू सूद केवल कंपनी का प्रमोशन करते थे और इसके बदले उन्हें लगभग डेढ़ करोड़ रुपये फीस मिली थी। लेकिन जांच में सामने आया कि ब्लू म्यूजिक कंपनी का संचालन सोनू सूद और सूरज जुमानी मिलकर कर रहे थे।

बैंक खातों और लेन–देन के सबूत

पुलिस को दोनों के बैंक खातों में करोड़ों रुपये के लेन–देन के सबूत भी मिले हैं। इसके अलावा, लोगों को क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने के लिए भी लुभाया गया। अब पुलिस एक बार फिर सोनू सूद को नोटिस भेजकर पूछताछ करेगी।

पहले भी आरोप लगे थे

इससे पहले कई पीड़ितों ने सोनू सूद और रेसलर द ग्रेट खली पर ठगी में शामिल होने का आरोप लगाया था। पुलिस ने दोनों को नोटिस भेजा था, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। वहीं, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सूरज जुमानी, जो खुद कंपनी से जुड़ा था, ने ठगी की शिकायत पुलिस कमिश्नर से क्यों की।



## बिग बॉस 19 खत्म होने के बाद घर पहुंची तान्या मित्तल, परिवार से मिल रो पड़ीं, रईसी देख हैरान रह गए फैंस

सलमान खान के रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 19 तान्या मित्तल काफी चर्चा में रहीं। शो में वह कई बार अपने घर की रईसी का बखान करती दिखीं, जिसे लेकर उनका खूब मजाक भी बना। तान्या ने भले ही शो की ट्रॉफी नहीं जीती, लेकिन इसके बावजूद भी वह इंटरनेट सेंसेशन बन गई हैं। हाल ही में तान्या जब बिग बॉस 19 खत्म होने के बाद अपने घर पहुंची तो उनके घर गाड़ियों की लंबी लाइन देख लोग हैरान रह गए। वहीं, इस दौरान वह रोती भी नजर आईं। मौके का वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, बिग बॉस की जर्नी खत्म कर हाल ही में तान्या मित्तल अपने घर पहुंची, जहां उनका ग्रैंड वेलकम हुआ। घर के बाहर महंगी गाड़ियों की लाइन दिखी। उसके बाद अंदर सेलिब्रेशन का नजारा भी दिखा जहां तान्या का स्वागत किया गया। तान्या अपने परिवार से मिलते ही रो पड़ती हैं और मामाजी को गले लगाकर कहती हैं कि उन्होंने जान–बूझकर कुछ चीजें नहीं बोलीं क्योंकि लोग उनका मजाक उड़ाते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है और यूजर्स का कहना है कि ये तो सच में अमीर निकलीं। बिग बॉस से बाहर आते ही तान्या को अपना पहला एक्टिंग असाइनमेंट और एक ऐड फिल्म भी मिल गई है। तान्या एक सैलून सर्विस ब्रांड के ऐड में नजर आईं, जिसमें उन्होंने ब्रांड की कोरियाई ब्यूटी सर्विस का प्रचार किया।

## मृदुल मुंबई की पार्टियों के बाद गांव पहुंचे, बच्चों को पिज्जा और स्टेशनरी बांटी, कहा– पढ़ाई सबसे जरूरी है





बिग बॉस 19' के कंटेस्टेंट मृदुल तिवारी मुंबई में शो खत्म होने के बाद की पार्टियों में हिस्सा लेने के बाद अब अपने गांव लौट आए हैं। मृदुल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे बच्चों के साथ दिख रहे हैं। इस वीडियो में मृदुल ने बच्चों को पिज्जा खिलाया और उन्हें कॉपी–पेंसिल भी बांटी। साथ ही बच्चों को पढ़ाई पर जोर देने की सीख दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि मृदुल तिवारी अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। वहां कई बच्चे मौजूद थे। मृदुल ने सभी बच्चों को पिज्जा खिलाया और उनके लिए स्टेशनरी भी रखी। वीडियो में मृदुल बच्चों से कहते दिखाई दे रहे हैं कि पढ़ाई सबसे जरूरी है और इसे कभी न छोड़ें। सोशल मीडिया पोस्ट में मृदुल ने लिखा, "पिज्जा इन्हें भी पसंद है और मुझे भी। मुझे ज्यादा फॉर्मल एजुकेशन नहीं मिल पाई, लेकिन मैं हर दिन खुद को बेहतर बनाने और सीखने की कोशिश करता हूं। शिक्षा किसी भी चीज से ज्यादा जरूरी है।" मृदुल के इस कदम पर फैंस ने उन्हें खूब प्यार और सराहना दी। एक फैन ने लिखा, "निस्वार्थ भाव से किया गया यह उत्कृष्ट कार्य प्रेरणादायक है। आपके प्रयास और सकारात्मक सोच से लोगों को नई दिशा मिल रही है।" दूसरे फैन ने कहा, "एक ही दिल है, कितनी बार जीतोगे मेरे भाई। वहीं, 'बिग बॉस 19' की अन्य कंटेस्टेंट तान्या मित्तल भी चर्चा में हैं। शो के दौरान अपनी अमीरी को लेकर अक्सर विवादों में रही तान्या अब अपने ग्वालियर वाले घर पहुंच गई हैं। उनका घर और परिवार देखकर लोग कह रहे हैं कि तान्या सच में अमीर निकलीं। मृदुल का यह कदम न सिर्फ उनके फैंस के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि बच्चों के लिए भी एक सकारात्मक संदेश लेकर आया है कि पढ़ाई और सीखने की कोई उम्र नहीं होती।

## सिनेमाघरों के बाद अब नेटफ्लिक्स पर छाया 'एक दीवाने की दीवानगी' का खुमार, हर्षवर्धन-सोनम की जोड़ी का जलवा




हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा का रोमांटिक ड्रामा श्एक दीवाने की दीवानगीश सिनेमाघरों में सफल प्रदर्शन के बाद अब डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। यह फिल्म, जो इस साल की शुरुआत में दिवाली वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई थी, 16 दिसंबर, 2025 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होना शुरू हो जाएगी। जो दर्शक इसे सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वे अब इसे अपने घर पर आराम से देख सकते हैं। दर्शकों और समीक्षकों से मिली–जुली समीक्षाओं के बावजूद, श्एक दीवाने की दीवानगीश ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। यह 2025 की 12वीं सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन गई, जो इसके गंभीर विषय को देखते हुए कई लोगों के लिए हैरानी की बात थी। सिनेमाघरों में मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया ने इसकी आने वाली व्ज्ज रिलीज़ को लेकर चर्चा और बढ़ा दी है।

मिलाप ज़वेरी द्वारा निर्देशित, यह फिल्म प्यार के गहरे पहलू को दिखाती है, जिसमें जुनून, अधिकार, दिल टूटना और भावनात्मक आघात पर ध्यान केंद्रित किया गया है। कहानी उन दर्शकों को पसंद आई जो जटिल किरदारों वाले इंटेंस रोमांटिक ड्रामा पसंद करते हैं, जिससे फिल्म को अपने प्रदर्शन के दौरान लगातार दर्शक मिलते रहे।

ओटीटी पर एक दीवाने की दीवानगी

'एक दीवाने की दीवानगी' 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लगभग दो महीने बाद 16 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ हुई है। रिलीज़ डेट पर नेटफ्लिक्स की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतज़ार है। जो इसे फैंस के लिए हफ्ते के बीच में देखने के लिए एक बेहतरीन फिल्म बनाती है। फिल्म की डिजिटल रिलीज़ 16 दिसंबर को एक्टर हर्षवर्धन राणे के जन्मदिन के साथ हुई।

एक दीवाने की दीवानगीः फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कितनी कमाई की?

इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म ने भारत में 78.98 करोड़ रुपये (नेट) और दुनिया भर में 110.27 करोड़ रुपये कमाए। इंडिया टीवी ने एक दीवाने की दीवानियत की टीम के साथ एक विशेष बातचीत के दौरान फिल्म, बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और क्या पार्ट 2 होगा, इस बारे में बात की।

एक दीवाने की दीवानियतः कास्ट और क्रू

एक दीवाने की दीवानियत का निर्माण देसी मूवीज फैक्ट्री के बैनर तले अंशुल गर्ग और दिनेश जैन द्वारा किया गया है। कुणाल वर्मा, कौशिक–गुड्डू, रजत नागपाल, अंकुर आर पाठक, राहुल मिश्रा और डीजे चेतस फिल्म के संगीत के प्रभारी थे। बैकग्राउंड स्कोर जॉन स्टीवर्ट एडुरी द्वारा रचित है, और फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी द्वारा किया गया है। हर्षवर्धन राणे ने राजनेता विक्रमादित्य भोंसले की भूमिका निभाई है, और सोनम बाजवा अभिनेता अदा रंधावा हैं।



## तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की प्रमोशन के बीच कार्तिक ने अहमदाबाद में खाई हार्ट शेप जलेबी, कुरकुरे फाफड़ा का भी उठाया लुत्फ

बॉलीवुड स्टार कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच हाल ही में एक्टर अहमदाबाद में अपनी इस फिल्म का प्रमोशन करने पहुंचे, जहां उन्होंने दिल के आकार की जलेबी और कुरकुरे फाफड़ा का लुत्फ उठाया। इसकी तस्वीरें एक्टर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है, जो खूब वायरल हो रही हैं। कार्तिक आर्यान ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की, जिसमें वह दिल के शेप वाली जलेबी को दो हिस्सों में तोड़ते और फिर उसका स्वाद लेते दिख रहे हैं। इसके अलावा वह मिठाई के साथ पोज देते और फाफड़ा से भरी प्लेट दिखाते भी नजर आए। इस पोस्ट को कैप्शन देते हुए कार्तिक ने तलविंदर के गाने "तेनु ज़्यादा मोहब्बत कर बैठे" का जिक्र किया, जो उनकी आने वाली फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी के साउंडट्रैक का हिस्सा है। बताया जा रहा है कि फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी दो ऐसे लोगों की कहानी है, जो आत्म–खोज की अपनी–अपनी यात्राओं के दौरान एक–दूसरे से प्यार कर बैठते हैं, लेकिन पारिवारिक दबाव उनके रिश्ते की परीक्षा लेता है। उनकी यह फिल्म 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# रेस्तरां जैसा लसूनी मेथी नान घर पर बनाएं, मेहमानों को दावत का खास स्वाद चखाएं

कई बार कहा जाता है महिलाएं नान जैसी रेसिपी घर पर होटल या रेस्तरां जैसा स्वाद और टेक्सचर नहीं दे पाती। अगर आप भी अब तक यही सोचती आ रही हैं, तो अब इस सोच को बदलने का समय आ गया है। लहसुन और मेथी के स्वाद से भरपूर यह आसान लसूनी मेथी नान रेसिपी घर पर ही परफेक्ट नान बनाने में आपकी मदद करेगी।

आप सभी के घर में मेहमान जरुर आते होंगे, उनको इंप्रेस करने के लिए कुछ अलग और टेस्टी बनाकर खिलाना चाहते हैं, तो आप रोटी की जगह इस टेस्टी और फ्लेवरफुल लसूनी मेथी नान। यह जायकेदार रेसिपी जरुर बनाएं। एक बार इस रेसिपी का स्वाद चखने के बाद इसे लंबे समय तक याद में बना रहेगा। बिल्कुल रेस्टोरेंट जैसा नरम और फूला हुआ नान घर पर बड़ी आसानी से बना सकते हैं। आइए आपको बताते हैं लसूनी मेथी नान की रेसिपी।

लसूनी मेथी नान बनाने के लिए सामग्री

– 2 कप मैदा
– 1 /4 ताजा दही
– 1/4 बारीक कटी ताजा मेथी
– 1 टेबल स्पून बारीक कटा हुआ लहसुन
– 2 चम्मच तेल या घी
– 1 छोटी चम्मच चीनी
– नमक स्वादानुसार
– 1/2 बेकिंग पाउडर छोटी चम्मच
– 1/4 बेकिंग सोडा छोटी चम्मच
– 1/2 आटा गूंथने के लिए गुनगुना पानी
– 2–3 टेबल स्पून मक्खन (नान के ऊपर लगाने के लिए)

लसूनी मेथी नान बनाने का तरीका

लसूनी मेथी नान बनाने के लिए सबसे पहले नान का आटा तैयार कर लें। अब बड़े कटोरे में मैदा, नमक, चीनी, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा को साथ छानकर इसमें दही और 2 बड़े चम्मच तेल या घी डालकर हल्के हाथ से मिलाएं। इसमें बारीक कटी हुई मेथी और लहसुन डालकर सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करें। अब आटे में थोड़ा–थोड़ा गुनगुना पानी डालते हुए इसे नरम और चिकना आटा गूंथ लें। आटा नरम होना चाहिए। अब आटे पर हल्का–सा तेल लगाकर उसे चिकना करें, फिर इसे एक गीले कपड़े या प्लेट से ढककर 1 घंटे के लिए गरम जगह पर रख दें जिससे यह फूलकर साइज में डबल हो जाए। अब हल्का आटे को मसलकर इसे मीडियम साइज की लोइयां बना लें। अब एक लोई लें और थोड़े सूखे मैदे की मदद गोल या ओवल शेप में नान की तरह बेल लें। अब एक नॉन–स्टिक तवा गरम करके उस पर बेले हुए नान को डालें। जब नान की ऊपरी सतह पर हल्के बुलबुले आने लगे, तो उसे पलट दें और दूसरी तरफ भी सुनहरा होने तक सेकें। दोनों तरफ से सिक जाए, तो तवे को हटाकर नान को सीधे गैस की मीडियम आंच पर चिमटे की मदद से घुमा–घुमाकर सेकें। अच्छे से सिकने के बाद लसूनी मेथी नान पर पिघला हुआ मक्खन लगाएं। इसके साथ आप पनीर बटर मसाला, दाल मखनी, या अपनी पसंदीदा सब्जी के साथ गरमा–गरमा परोस सकते हैं।



# नए साल में पलटेगी इन राशि वालों की किस्मत, बनेगा महा–शक्तिशाली योग !




नए साल के आगमन को बस कुछ ही दिन बचे हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह साल काफी अहम रहे वाला है। 18 जनवरी 2026 को मंगल–चंद्र की युति से महालक्ष्मी राजयोग बनेगा। महालक्ष्मी राज योग ज्योतिष का एक बहुत शुभ योग माना जाता है। यह योग व्यक्ति के जीवन में धन, वैभव, सुख–समृद्धि, मान–सम्मान और तरक्की लाने वाला होता है। जिस कुंडली में यह योग मजबूत होता है, वहां आर्थिक स्थिति बेहतर होती है और जीवन में सुविधाओं की कमी नहीं रहती।

महालक्ष्मी राज योग कैसे बनता है

यह योग व्यक्ति के जीवन में धन, वैभव, सुख–समृद्धि, मान–सम्मान और तरक्की लाने वाला होता है। जिस कुंडली में यह योग मजबूत होता है, वहां आर्थिक स्थिति बेहतर होती है और जीवन में सुविधाओं की कमी नहीं रहती। महालक्ष्मी राज योग मुख्य रूप से तब बनता है जब किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली (लग्न कुंडली) में मंगल और चंद्रमा ग्रह एक साथ युति बनाते हैं, खासकर यदि यह युति कुंडली के धन भाव (दूसरा), भाग्य भाव (नौवां), कर्म भाव (दसवां) या लाभ भाव (ग्यारहवां) में हो, जिससे व्यक्ति को धन, सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।

महालक्ष्मी राज योग के फल

ज्योतिषियों के अनुसार, जब धन भाव (दूसरा भाव) का स्वामी ग्रह बृहस्पति हो और वह ग्यारहवें भाव (लाभ भाव) में स्थित होकर दूसरे भाव पर दृष्टि डाले, तो भी यह महालक्ष्मी योग कहलाता है। इस योग के प्रभाव से व्यक्ति को धन की कमी नहीं रहती, बिजनेस और नौकरी में उन्नति होती है, घर, वाहन और लग्जरी चीजों का सुख मिलता है समाज में मान–सम्मान बढ़ता है।

इन राशि वालों की बदलेगी किस्मत

इस राजयोग का सबसे गहरा असर मेष राशि वालों पर देखने को मिलेगा. महालक्ष्मी राजयोग से रुकी हुई कमाई के रास्ते खुलेंगे। तुला राशि वालों को महालक्ष्मी राजयोग करियर को मजबूती दिलाएगा, नौकरी में नई जिम्मेदारियां मिलेगी। मकर राशि वालों के लिए यह योग भाग्य को पूरी तरह सक्रिय रहेगा. विदेश से जुड़ा कोई बड़ा अवसर, यात्रा या कार्य लाभ दे सकता है।

महालक्ष्मी राज योग को मजबूत करने के उपाय

अगर कुंडली में योग कमजोर हो, तो शुक्रवार को मां लक्ष्मी की पूजा करें। सफेद वस्तुएं जैसे (चावल, दूध, मिठाई) का दान करें। ट श्रीं महालक्ष्म्यै नमः मंत्र का जाप करें। घर में साफ–सफाई और सकारात्मक वातावरण बनाएं रखें। महालक्ष्मी राज योग जीवन में धन, सुख और ऐश्वर्य का विशेष योग है। हालांकि, इसका पूरा फल तभी मिलता है जब कुंडली मजबूत हो और व्यक्ति कर्मठ हो।



# ठंड में पीठ दर्द या बेचैनी नहीं है आम बात, ये है हार्ट अटैक का लक्षण

सर्दियों के मौसम में हार्ट अटैक और कार्डिएक इमरजेंसी के मामले बढ़ जाते हैं। कार्डियोलॉजिस्ट के अनुसार इसकी वजह ठंड का शरीर और दिल पर पड़ने वाला सीधा असर है। विशेषज्ञों की माने तो ठंडक में तापमान गिरने पर खून गाढ़ा होने और बीपी बिगड़ने से रात में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं। हालांकि सही सावधानी, एक्टिव लाइफस्टाइल और समय पर जांच से हार्ट अटैक के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए समझते हैं विस्तार से।

सर्दियों में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ने के कारण

ठंड लगते ही रक्त नलिकाएं संकरी हो जाती हैं। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ता है और दिल पर ज्यादा जोर पड़ता है। सर्दियों में पसीना कम निकलता है और पानी कम पीया जाता है इससे खून थोड़ा गाढ़ा होता है, जिससे क्लॉट बनने का खतरा बढ़ता है। ठंड में बीपी नेचुरली ऊपर जाता है , ज्यादा तला–भुना और मीठा खाने से कोलेस्ट्रॉल लेवल भी बढ़ता है। फिजिकल एक्टिविटी कम हो जाती हैठंड की वजह से लोग एक्सरसाइज छोड़ देते हैं। इससे वजन, शुगर और ठच बिगड़ सकता है,जो हार्ट के लिए रिस्की है।

कार्डियोलॉजिस्ट के बताए बचाव के टिप्स

रीर को गर्म रखें: लेयरिंग में कपड़े पहनें, सिर, छाती और हाथ–पैर ढककर रखें।

पानी पीना न भूलें: ठंड में भी पर्याप्त पानी पिएं, गुनगुना पानी बेहतर रहता है

सुबह अचानक भारी एक्सरसाइज न करें: पहले हल्की स्ट्रेचिंग, दिन चढ़ने पर वॉक या योग करें

बीपी और शुगर की नियमित जांच: सर्दियों में बीपी अचानक बढ़ सकता है,दवाएं डॉक्टर की सलाह से ही लें

हार्ट–फ्रेंडली डाइट अपनाएं: कम नमक, कम तला–भुना फल, सब्जियां, ओमेगा–3 युक्त फूड, ज्यादा घी, मक्खन और मिठाई से बचें

स्मोकिंग और शराब से दूरी: ये ठंड में दिल पर ज्यादा बुरा असर डालते हैं

हार्ट अटैक के चेतावनी संकेत (अनदेखा न करें)

–सीने में दर्द या दबाव
–बाएं हाथ, जबड़े या पीठ में दर्द
–सांस फूलना
–ठंडा पसीना, चक्कर, उलझन

ऐसे लक्षण दिखें तो तुरंत अस्पताल पहुंचें।

# गुलाब की पंखुड़ी और दूध देगा गजब का निखार, जानिए फेस पैक बनाने का तरीका

सर्दियों के दौरान त्वचा बेहद ही डल और ड्राई नजर आता है। ऐसे में आप अपने चेहरे को ग्लोइंग और सॉफ्ट बना सकती हैं। अक्सर होता है कि हम ट्राई करते हैं कि चेहरे पर ऐसी चीज लगाएं, जो चेहरे के ग्लो को बनाएं रखें लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं होता है। अब आप इस तरीके से अपने चेहरे पर जबरदस्त निखार ला सकते हैं। अब आप घर पर ही गुलाब की पंखुड़ी और दूध से बना फेस पैक लगा सकती हैं,जो आपको एकदम गुलाब जैसा निखार देगा।

गुलाब की पंखुड़ी और दूध के फेस पैक को कैसे बनाएं?

– सबसे पहले आप 2 से 3 गुलाब के फूले लेकर इनकी पंखुड़ियों को अलग कर दें।

– अब इन पंखुड़ियों को पानी से साफ करके इसे मिक्सी में पीस लें।

– फिर इस गुलाब की पंखुड़ियों का पेस्ट एक कटोरी में रख लें।

– इसमें 2 चम्मच दूध और थोड़ा सा गुलाब जल मिक्स करें।

– इस पेस्ट को अच्छे से मिक्स करने के बाद इसे चेहरे पर लगाएं।

इस फेस पैक को चेहरे पर कैसे लगाएं?

– सबसे पहले आप अपना चेहरा क्लीन कर लें।

– इसके बाद फेस पैक को ब्रश की मदद से चेहरे पर लगाएं।

– फिर इसको कुछ समय तक सूखने दें।

– आखिर में पानी से चेहरा को साफ करें।

– अब आप चेहरे पर मॉइश्चराइजर क्रीम लगाएं। फिर आपको गुलाब जैसा निखार नजर आएगा।

गुलाब की पंखुड़ी और दूध के फायदे

– गुलाब की पंखुड़ी में प्राकृतिक तेल मौजूद होता है जो स्किन को हाइड्रेट करता है।

– गुलाब डलनेस को कम करता है।

– दूध स्किन को सॉफ्ट बनाकर उस नेचुरल रुप से चमक प्रदान करता है। दूध में पाया जाता है लैक्टिक एसिड जो त्वचा की ऊपरी परत को हल्के से एक्सफोलिएट करता है, जिससे स्किन टोन साफ और ब्राइट दिखती है।

– अगर आपके चेहरे पर डार्क स्पॉट है, तो इसे कम करने के लिए इन दोनों चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।





## संक्षिप्त



### भारत–जापान आर्थिक साझेदारी को गति, पीयूष गोयल ने औद्योगिक क्षेत्र की हस्तियों से की मुलाकात

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोलन ने जापान–भारत व्यापार सहयोग समिति के अध्यक्ष तातसुओ यासुनागा से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य दोनो देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर केंद्रीत रहा। सोशल मीडिया एक्स पर गोयल ने कहा कि जापान–भारत व्यापार सहयोग समिति (जेआईबीसीसी) के अध्यक्ष तातसुओ यासुनागा और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक चर्चा हुई। भारत–जापान व्यापार संबंधों को और मजबूत करने, व्यापार सहयोग बढ़ाने और प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के अवसरों पर विचार–विमर्श किया। पारस्परिक विकास और समृद्धि के लिए इस गतिशील साझेदारी को और गहरा करने की आशा है। भारत और जापान के बीच मजबूत और लगातार बढ़ते व्यापारिक संबंध हैं। वित्त वर्ष 2025 के दौरान जापान और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 25.17 अरब डॉलर रहा। इसमें से जापान से भारत को निर्यात 18.92 अरब डॉलर और भारत से आयात 6.25 अरब डॉलर का था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में भारत के कुल आयात में जापान के निर्यात का हिस्सा 2.06 प्रतिशत था, जबकि इसी अवधि में जापान को भारत के निर्यात का हिस्सा 0.75 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत ने जापान को लगभग 3,900 वस्तुओं का निर्यात किया, जो दोनों देशों के बीच व्यापार की विविधता को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025 के दौरान भारत से जापान को निर्यात की जाने वाली प्रमुख वस्तुओं में 2.44 अरब डॉलर मूल्य के इंजीनियरिंग सामान, 1.06 अरब डॉलर मूल्य के कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन, 408.45 मिलियन डॉलर मूल्य के समुद्री उत्पाद, 658.45 मिलियन डॉलर मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक सामान, 239.51 मिलियन डॉलर मूल्य के रत्न और आभूषण और 231.52 मिलियन डॉलर मूल्य की दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं। आयात की बात करें तो, भारत ने वित्त वर्ष 2025 में जापान से लगभग 4,000 वस्तुओं का आयात किया। इस दौरान जापान से भारत में आयात 18.92 अरब डॉलर रहा। प्रमुख आयातों में 3.31 अरब डॉलर मूल्य के परमाणु रिएक्टर और 2.01 अरब डॉलर मूल्य की विद्युत मशीनरी और उपकरण शामिल थे।

### नवंबर में बेरोजगारी दर गिरकर 7 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर, जानिए सरकारी आंकड़ों में क्या

नई दिल्ली। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर (यूआर) नवंबर 2025 में घटकर रिकॉर्ड निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गई। अक्तूबर 2025 में यह 5.2 प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (डवैच्) के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में शहरी बेरोजगारी नवंबर 2025 में घटकर 4.7 प्रतिशत हो गई। यह आंकड़ा अप्रैल 2025 के बाद से सबसे निचला स्तर है। मंत्रालय ने आगे कहा कि नवंबर 2025 में ग्रामीण बेरोजगारी दर घटकर 3.9 प्रतिशत के नए निचले स्तर पर आ गई, जबकि शहरी बेरोजगारी दर घटकर 6.5 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2025 में दर्ज किए गए अपने पिछले सबसे निचले स्तर के बराबर है। अप्रैल 2025 में बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत थी। बयान के अनुसार, कुल मिलाकर, रुझान ग्रामीण रोजगार में वृद्धि, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और शहरी श्रम मांग में धीरे–धीरे सुधार के कारण श्रम बाजार की स्थितियों में मजबूती का संकेत देते हैं। इसमें कहा गया है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए न्त में नवंबर 2025 में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई। महिलाओं में, नवंबर 2025 में गर्भपात की दर घटकर 4.8 प्रतिशत हो गई, जो अक्तूबर 2025 में 5.4 प्रतिशत थी। यह गिरावट ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिला शहरी उपयोग दरों में कमी के कारण हुई, जो क्रमशः 4.0 प्रतिशत से घटकर 3.4 प्रतिशत और 9.7 प्रतिशत से घटकर 9.3 प्रतिशत हो गई। इसके अलावा, नवंबर 2025 में पुरुषों की कुल शहरी व्यय दर घटकर 4.6 प्रतिशत हो गई, जबकि अक्टूबर 2025 में यह 5.1 प्रतिशत थी। क्षेत्रवार विश्लेषण करने पर, नवंबर 2025 में ग्रामीण और शहरी पुरुष प्रवासी प्रतिशत क्रमशः 4.1 प्रतिशत और 5.6 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले महीने यह क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत था। इसमें कहा गया है कि अप्रैल–नवंबर 2025 के दौरान पुरुषों, महिलाओं और सभी व्यक्तियों में बेरोजगारी दर में लगातार और व्यापक गिरावट देखी गई। इसमें कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में यह गिरावट अधिक स्पष्ट थी, जहां नवंबर में पुरुष और महिला दोनों की बेरोजगारी अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई थी।

### भारत–ओमान रिश्तों को नई दिशा देगी पीएम मोदी की यात्रा, बोले राजदूत जीवी श्रीनिवास

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी ओमान यात्रा से पहले भारत में ओमान के राजदूत जीवी श्रीनिवास ने कहा है कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे रणनीतिक साझेदारी को और मजबूती देगा। उन्होंने बताया कि भारत–ओमान द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डॉलर से अधिक हो चुका है और अब दोनों देश ग्रीन हाइड्रोजन, सतत विकास और भविष्य की तकनीकों जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं।

मोदी की ओमान यात्रा है बेहद खास

श्रीनिवास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा बेहद समयानुकूल है। आठ वर्षों बाद हो रही इस यात्रा से पहले दिसंबर 2023 में ओमान के सुल्तान भारत आए थे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का शीर्ष नेतृत्व व्यापार, आर्थिक संबंधों और समग्र सहयोग को नई दिशा और गति देने का काम करेगा। राजदूत ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा भले ही 24 घंटे से कम की होगी, लेकिन कार्यक्रम बेहद व्यस्त रहेगा। पीएम मोदी ओमान के सुल्तान से एक–से–एक और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इसके अलावा, मोदी एक बिजनेस समिट में हिस्सा लेंगे और भारतीय समुदाय के साथ संवाद करेंगे।

# विदेशी खिलाड़ियों से जुड़ा यह नियम क्यों बना बहस का मुद्दा? बोली कितनी भी लगे, सैलरी 18 करोड़ से आगे नहीं







अबू धाबी। आईपीएल 2026 की मिनी नीलामी से पहले एक नियम ने क्रिकेट जगत में जबरदस्त बहस छेड़ दी है। यह नियम विदेशी खिलाड़ियों की सैलरी से जुड़ा है, जिसके तहत कोई भी विदेशी खिलाड़ी, चाहे उस पर कितनी भी बड़ी बोली क्यों न लगे, 18 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं कमा सकता। यह नियम पहली बार प्च्स् 2025 की मेगा नीलामी में लागू किया गया था और अब इसे मिनी ऑक्शन में भी बरकरार रखा गया है। बाहर से देखने पर यह नियम भ्रम पैदा करता है, लेकिन इसके पीछे ठब्ब् की एक स्पष्ट सोच और फ्रेंचाइजियों की चिंता जुड़ी हुई है।

नियम क्या है? आसान भाषा में समझिए

आईपीएल के नए नियम के मुताबिक, किसी भी विदेशी खिलाड़ी की अधिकतम सैलरी सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी की रिटेंशन स्लैब से ज्यादा नहीं हो सकती। मिनी ऑक्शन के मामले में यह स्लैब 18 करोड़ रुपये तय की गई है। उदाहरण से समझिए। मान लीजिए किसी विदेशी खिलाड़ी पर नीलामी में 30 करोड़ रुपये की बोली लगती है, लेकिन उसे सैलरी मिलेगी सिर्फ 18 करोड़ रुपये। बाकी 12 करोड़ रुपये BCCI के प्लेयर वेलफेयर फंड में चले जाएंगे। फ्रेंचाइजी को फिर भी पूरे 30 करोड़ अपने पर्स से चुकाने होंगे। यानी बोली पूरी लगेगी, लेकिन खिलाड़ी को पूरा पैसा नहीं मिलेगा।

भारतीय खिलाड़ियों पर यह नियम क्यों लागू नहीं?

यह नियम सिर्फ विदेशी खिलाड़ियों के लिए है। भारतीय खिलाड़ी पूरी बोली की रकम पाने के हकदार हैं। इसी का उदाहरण प्च्स् 2025 मेगा ऑक्शन में दिखा, जब ऋषभ पंत को 27 करोड़ रुपये में खरीदा गया, उन्हें पूरी सैलरी मिली। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।

BCCI ने यह नियम क्यों बनाया?

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बदलाव के पीछे फ्रेंचाइजियों की शिकायतें अहम वजह रहीं। कई टीमें इस बात से नाराज थीं कि कुछ विदेशी खिलाड़ी जानबूझकर मेगा ऑक्शन छोड़ते हैं। फिर मिनी ऑक्शन में एंट्री लेकर सीमित विकल्पों के चलते महंगी बोली हासिल करते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए बीसीसीआी ने दो बड़े फैसले लिएरू

1. ऑक्शन से नाम वापस लेने पर बैनः रजिस्ट्रेशन के बाद ऑक्शन से हटने वाले खिलाड़ी पर दो साल का IPL बैन

2. विदेशी खिलाड़ियों की सैलरी पर कैपरू भारतीय खिलाड़ियों को प्राथमिकता और विदेशी खिलाड़ियों की अधिकतम कमाई सीमित।

क्यों हो रहा है विरोध?

सोशल मीडिया और विदेशी क्रिकेट फैंस का तर्क सीधा है, अगर बाजार किसी खिलाड़ी को ज्यादा कीमत दे रहा है, तो उसे पूरी रकम क्यों न मिले? कुछ लोगों ने इसे भारतीय पहले नीति और जरूरत से ज्यादा सख्ती बताया है।

क्या यह नियम IPL को नुकसान पहुंचा सकता है?

फिलहाल नहीं। आईपीएल अब भी दुनिया की सबसे आकर्षक टी20 लीग है, लेकिन खतरा तब पैदा हो सकता है जब दूसरी इंटरनेशनल लीग्स विदेशी खिलाड़ियों को इससे ज्यादा सुरक्षित और खुली कमाई दें। तब विदेशी सितारे आईपीएल को प्राथमिकता देना छोड़ सकते हैं। हालांकि मौजूदा हालात में ऐसा होना मुश्किल माना जा रहा है।

# रैना बोले- सरफराज का फॉर्म CSK के लिए सोने की खान; पनेसर बोले- इस इंग्लिश बल्लेबाज में धोनी जैसा दम





अबू धाबी। आज आईपीएल 2026 के लिए नीलामी का आयोजन अबू धाबी में होगा। कई बड़े खिलाड़ियों की किस्मत दांव पर है। हालांकि, कैमरन ग्रीन और वेंकटेश अय्यर जैसे युवा स्टार्स पर बड़ी बोली की उम्मीद जताई जा रही है। पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व स्टार सुरेश रैना और इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर का मानना कुछ अलग है। इन दोनों का मानना है कि इस मिनी–ऑक्शन में कुछ खिलाड़ियों की मौजूदा फॉर्म और टैलेंट फ्रेंचाइजियों के लिए बड़ा गेम–चेंजर बन सकती है। रैना ने विशेष रूप से सरफराज खान की सिफारिश की, जिनकी हालिया घरेलू बल्लेबाजी ने उन्हें ऑक्शन की नजरों में रख दिया है। रैना ने कहा कि सरफराज के पास कई शॉट्स हैं और इससे सीएसके को फायदा हो सकता है। वहीं, पनेसर ने कहा कि जेमी स्मिथ की धोनी जैसी हिटिंग आईपीएल में गेम–चेंजर साबित होगी। ऑक्शन में विदेशी और घरेलू दोनों खिलाड़ी की मांग बढ़ने से फ्रेंचाइजियों में जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी।

सरफराज की वापसी और CSK के लिए फायदा

रैना ने आईपीएल 2026 नीलामी वॉर रूम में कहा कि सरफराज का मौजूदा फॉर्म उनकी बड़ी कीमत को सही ठहराती है। उन्होंने बताया कि पिछले साल वेंकटेश अय्यर जैसे खिलाड़ियों को बड़ी रकम में खरीदा गया था, लेकिन उनकी फॉर्म उस समय उतनी प्रभावशाली नहीं थी। वहीं, सरफराज इस समय बेहद आत्मविश्वासी हैं और उनकी शॉट रेंज और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता उन्हें सीएसके की टीम सिस्टम में फिट बनाती है। हाल ही में सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की तरफ से सरफराज ने 25 गेंदों में 64 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे। इस प्रदर्शन ने उन्हें आईपीएल के ऑक्शन में कैप्ड बल्लेबाजों की पहली लिस्ट में शामिल कर दिया। उनकी बेस प्राइस 75 लाख रुपये है और विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर सीएसके उन्हें लगभग सात करोड़ में भी खरीदे, तो यह टीम के लिए पूरी तरह पैसा वसूल रहेगा।

जेमी स्मिथ में धोनी जैसा दमखम

दूसरी ओर, मोंटी पनेसर ने जेमी स्मिथ को आईपीएल 2026 की नीलामी में सबसे महंगा रहने वाला इंग्लिश खिलाड़ी बताया।







चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित







समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना।







ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

